(a) वह मनुष्य का जन्मसिद्ध अधिकार है
(b) वह राजनीतिक सत्ता हथियाने में सहायक होती है
(c) वह योग्य कर्मचारियों की पूर्ति करती है
(d) वह मनुष्यों को मुक्त व्यवहार के सक्षम बनाती है सामाजिक व्यवहार में सक्षम

UGC NET/JRF June 2006

Ans. (d) लोकतांत्रिक शिक्षा से तात्पर्य है कि सभी को अपनी योग्यता एवं क्षमता के अनुसार शिक्षा प्राप्त हो सके, और एक शिक्षित व्यक्ति ही लोकतांत्रिक समाज में अपने अधिकारों की पहचान एवं रक्षा कर सकता है। लोकतंत्र में शिक्षा मनुष्य को मुक्त एवं सामाजिक व्यवहार में सक्षम बनाती है। ऐसे व्यक्ति ही समाज एवं राष्ट्र का समुचित नेतृत्व कर सकते हैं।

86. **'बुद्धिमत्ता की ओर अग्रसर ज्ञान सही शिक्षा है'' यह कथन है।**
(a) ऋग्वेद का (b) छान्दोग्य उपनिषद् का
(c) सामवेद का (d) भगवद् गीता का

UGC NET/JRF Dec 2012 (Paper-III)

Ans. (b) छान्दोग्य उपनिषद् में कहा गया है- बुद्धिमत्ता की ओर अग्रसर ज्ञान सही शिक्षा है।

02. प्राथमिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा के भारत में स्वरूप, संगठन, नियंत्रण, मूल्यांकन एवं सम्बन्धित समस्या

1. One of the accreditation schemes under NABET involves quality of :
एन.ए.बी.ई.टी. के अंतर्गत प्रत्यायन योजना में किसकी गुणवत्ता सम्मिलित है?

(a) Pre-primary school governance
पूर्व-प्राथमिक विद्यालय अभिशासन
(b) Primary school governance
प्राथमिक विद्यालय अभिशासन
(c) Secondary school governance
माध्यमिक विद्यालय अभिशासन
(d) School governance/विद्यालय अभिशासन

NTA UGC NET/JRF DEC 2022 Shift-I

Ans. (d) : एन.ए.बी.ई.टी. के अंतर्गत प्रत्यायन योजना में विद्यालय अभिशासन की गुणवत्ता सम्मिलित है। एन.ए.बी.ईं.टी. छात्रों के समग्र विकास के उद्देश्य से समग्र शिक्षा कार्यक्रम के प्रभावी प्रबंधन और वितरण के लिए ढ़ांचा प्रदान करने की दृष्टि से देश में गुणवत्ता स्कूल शासन के लिए प्रत्यायन कार्यक्रम की पेशकश कर रहा है।

2. आगमन एवं निगमन विधि के प्रतिपादक है–

(a) हरबर्ट (b) मारिसन
(c) फ्रेंसिस बेकन (d) सुकरात

UP PGT 2021

Ans. (c) : आगमन एवं निगमन विधि के प्रतिपादक अरस्तू हैं तथा इस विधि के सिद्धान्त का प्रतिपादन फ्रेंसिस बेकन द्वारा किया गया था।

3. राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में किस वर्ष तक प्राथमिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने की बात कही गयी थी?

(a) 1995 (b) 2000
(c) 2002 (d) 1990

UP PGT 2021

Ans. (d) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में 1990 तक प्राथमिक शिक्षा को सर्वसुलभ बनाने की बात कही गयी थी। इस राष्ट्रीय शिक्षा के अनुसार 14 वर्ष तक की आयु के बच्चों के सार्वजनिक नामांकन व नियमित शिक्षा प्राप्ति तथा शिक्षा की गुणवत्ता में पर्याप्त सुधार पर बल दिया जायेगा।

4. ''सभी विचारों का आधार परिणामगत सत्यापन होता है।'' यह केन्द्रीय विचार किससे सम्बन्धित है?

(a) प्रयोजनवाद से (b) आदर्शवाद से
(c) यथार्थवाद से (d) अस्तित्ववाद से

UP Higher Asst. Prof. (B.Ed) 2021

Ans. (a) : ''सभी विचारों का आकार परिणामगत सत्यापन होता है।'' यह विचार प्रयोजनवाद से सम्बन्धित है।
प्रयोजनवादी वस्तुओं और क्रियाओं की व्याख्या करने के चक्कर में नहीं पड़ते। वे न आत्मा को मानते हैं और न परमात्मा को। इसके अनुसार मन का ही दूसरा नाम परमात्मा है तथा मन एक पदार्थजन्य क्रियाशील तत्व मात्र है। इसके अतिरिक्त ये ज्ञान को साध्य न मानकर मानव जीवन को सुखमय बनाने का साधन मानते हैं।

5. ऑपरेशन ब्लैक-बोर्ड कार्यक्रम शुरू किया गया था निम्न में से किससे सुधार के लिए?
अथवा
''ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड'' सम्बन्धित हैः

(a) प्राथमिक शिक्षा से
(b) माध्यमिक शिक्षा से
(c) उच्च माध्यमिक शिक्षा से
(d) पूर्व-प्राथमिक शिक्षा से

UP Higher Asst. Prof. (B.Ed) 2021
UPPSC GDC Pravkta 2008
Chhattishgarh ABEO-2013
UGC NET/JRF Dec 2013 (Paper-III)

Ans. (a) : ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड प्राथमिक शिक्षा से सम्बन्धित है। ऑपरेशन ब्लैक-बोर्ड की स्थापना 1986-87 में सातवीं पंचवर्षीय योजना के तहत की गई थी। इसका मुख्य उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में पाठ्य-सामग्री तथा शिक्षक उपकरण जैसी न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं को सुनिश्चित करना था।

6. 'आपरेशन ब्लैक बोर्ड' में किस स्तर की शिक्षा के साधन उपलब्ध कराने की बात कही गई है?

(a) प्राथमिक शिक्षा (b) माध्यमिक शिक्षा
(c) उच्च शिक्षा (d) स्त्री शिक्षा

UP PGT 2009

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

7. 'ऑपरेशन ब्लैक–बोर्ड' की अवधारणा दी गई है–

(a) भारत के संविधान में
(b) ड्राफ्ट राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1979 में
(c) सातवीं पंचवर्षीय योजना में
(d) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में

UPPSC GIC 2021

Ans. (d) : ऑपरेशन ब्लैक-बोर्ड की अवधारणा **राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986** में दी गई है।
ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड का उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में पाठ्य-सामग्री तथा शिक्षक उपकरण जैसे न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था को सुनिश्चत करना है।
⇒ विद्यालय एवं कक्षा-कक्ष को आकर्षक बनाया गया।
⇒ दो बड़े कमरें जिनमें सामने बरामदा हो।
⇒ पुस्तकालय के लिए पुस्तकें।
⇒ शिक्षकों के पास आकस्मिक व्यय के लिए धन।
⇒ प्रसाधन लड़के और लड़कियों के लिए अलग-अलग हो।
⇒ नामांकित बच्चों के आधार पर जहाँ आवश्यक हो उन प्राथमिक विद्यालय में 3 अध्यापक एवं तीन कमरों की व्यवस्था की जाए।

8. ''प्राथमिक शिक्षा का उत्तरदायित्व स्थानीय निकायों को दिया जाना चाहिए।'' सर्वप्रथम निम्न ने यह सुझाव दिया:

(a) वर्धा शिक्षा योजना (b) वुड्स डिस्पैच
(c) लार्ड मैकाले (d) कोठारी आयोग

UPPSC GDC Asst. Prof. 2012

Ans. (*) हंटर आयोग ने प्राथमिक शिक्षा पर विशेष ध्यान देने के पश्चात कहा कि प्राथमिक शिक्षा का सीधा सम्बन्ध व्यक्ति के जीवन से होता है। आयोग के अनुसार प्राथमिक शिक्षा का कार्य स्थानीय संस्थाओं को सौंप दिया जाना चाहिए।

9. 'शिक्षा की चुनौती-नीति सम्बन्धी परिप्रेक्ष्य' दस्तावेज किस वर्ष जारी हुआ था?

(a) 1985 (b) 1986
(c) 1992 (d) 2001

UPPSC GDC Pravkta 2008

Ans. (a) : 1985 में शिक्षा की चुनौती नामक दस्तावेज तैयार किया गया एवं 1986 में सारे देश के लिए एक समान शैक्षिक ढांचे को स्वीकार किया गया और 10+2+3 की संरचना को अपनाते हुए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रस्तुत की गयी।

10. + 2 स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम प्रारूप को प्रथम बार प्रस्तुत किया गया

(a) आदिशेषय्या समिति रिपोर्ट द्वारा
(b) ईश्वरभाई जे. पटेल समिति रिपोर्ट द्वारा
(c) आचार्य राममूर्ति समिति रिपोर्ट द्वारा
(d) यशपाल समिति रिपोर्ट द्वारा

UPPSC DIET Pravakta 2014

Ans.(a) : आदिशेषय्या समिति रिपोर्ट द्वारा +2 स्तर पर व्यावसायिक शिक्षा पाठ्यक्रम प्रारूप को प्रथम बार प्रस्तुत किया गया।

11. नवोदय विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य ________ को शिक्षा देना है।

(a) ग्रामीण प्रतिभाशाली छात्रों
(b) शहरी छात्रों
(c) बालिकाओं
(d) अनुसूचित जाति के छात्रों

UP PGT 2021

Ans. (a) : नवोदय विद्यालयों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण प्रतिभाशाली छात्रों को शिक्षा देना है।
मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को उनके परिवार की सामाजिक-आर्थिक स्थिति पर ध्यान दिए बिना, गुणात्मक आधुनिक शिक्षा प्रदान करना, जिसमें सामाजिक मूल्यों, पर्यावरण के प्रति जागरुकता, साहसिक कार्यकलाप और शारीरिक शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण घटकों का समावेश हो।

12. ग्रामीण क्षेत्रों के 75% (प्रतिशत) मेधावी, किन्तु निर्धन विद्यार्थीयों को निःशुल्क तथा उत्तमशिक्षा प्रदान करने हेतु, निम्नलिखित में से––––विद्यालय स्थापित किये गये हैं?

(a) बहु-उद्देश्य (b) नवोदय
(c) संकुल-विद्यालय (d) पड़ोसी-विद्यालय

UP Higher Asst. Prof. 2019

Ans.-(b) भारत सरकार ने देश में ऐसे प्रतिभाशाली और ग्रामीण बच्चे जो निर्धनता या साधनों के अभाव में पढ़ नहीं सकते उन्हें निःशुल्क स्तरीय शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत जवाहर विद्यालय की स्थापना की।

13. निम्नलिखित में से कौन सा तथ्य जो प्राथमिक शिक्षा से सम्बन्धित है, भारतीय संविधान के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है?

(a) समान विद्यालयी पाठ्यक्रम
(b) अल्पसंख्यकों के लिए बच्चों के लिए विशिष्ट शिक्षा की सुविधा
(c) समावेशित शिक्षा
(d) धार्मिक शिक्षा

UPPSC DIET Pravakta 2014

Ans.(d) : धार्मिक शिक्षा जो कि प्राथमिक शिक्षा से सम्बन्धित है, लेकिन भारतीय संविधान के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है।

14. आर.टी.ई. अधिनियम के अनुसार इनमें कौन प्रत्येक 'विद्यालय प्रबन्ध समिति' का कार्य नहीं है?

(a) बच्चों के माता-पिता/अभिभावकों के प्रतिनिधियों का निर्वाचन
(b) विद्यालय की कार्यप्रणाली का अनुश्रवण तथा 'विद्यालय विकास योजना' की संस्तुति करना।
(c) स्थानीय निकास की इच्छा के अनुरूप धन के उपयोग हेतु प्रधानाध्यापक को विवश करना।
(d) यह सुनिश्चित करना कि किसी अध्यापक के आपदा राहत कार्य न करवाया जाएँ

UPPSC GDC Asst. Prof. 2008

Ans. (c) : विद्यालय प्रबन्धन समिति– विद्यालय प्रबन्ध समिति विद्यालय में प्रविष्ट बालकों के माता-पिता या संरक्षक और शिक्षकों के निर्धारित प्रतिनिधियों से मिलकर बनने वाली एक समिति है। इस समिति में कम से कम एक चौथाई सदस्य माता-पिता या संरक्षक होंगे। असुविधा ग्रस्त समूह और दुर्बल वर्ग के बालकों के माता-पिता या संरक्षक को समानुपाती प्रतिनिधित्व दिया जायेगा। इसमें कुल सदस्यों का 5% महिलाएं होंगी।

विद्यालय प्रबंधन के कार्य–

1. विद्यालय के कार्यकरण को मॉनीटर करना।
2. विद्यालय समिति, विद्यालय में नियुक्त अध्यापकों के विद्यालय में उपस्थित होने में नियमित एवं समय पालन, माता-पिता और संरक्षकों के साथ नियमित बैठकें करना और बालकों के बारे में उपस्थिति में नियमितता शिक्षा ग्रहण करने तथा प्रगति के बारे में जानकारी रखना।
3. विद्यालय विकास योजना तैयार करना और उसकी सिफारिश करना।
4. यह सुनिश्चित करना की किसी अध्यापक से आपदा राहत कार्य न करवाया जाए।

लेकिन स्थानीय निकाय की इच्छा के अनुरूप धन के आयोग हेतु प्रधानाध्यापक को विवश करना विद्यालय प्रबन्धन का कार्य नहीं है।

15. प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों हेतु न्यूनतम निर्देशन कार्यक्रम में इन सेवाओं में से किसको उपलब्ध नहीं करवाना चाहिये?

(a) व्यावसायिक स्थापन (b) शैक्षिक सूचना
(c) मापन (d) अभिविन्यास

UPPSC GDC Asst. Prof. 2008

Ans. (a) : प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों हेतु न्यूनतम निर्देशन कार्यक्रम में व्यावसायिक स्थापन सेवा नहीं उपलब्ध करवानी चाहिए। प्राथमिक स्तर के बालकों को अन्य स्तरों की अपेक्षा अधिक तथा सतत् निर्देशन की आवश्यकता होती है।

16. **आर.टी.ई. अधिनियम में से किस विद्यालय का उल्लेख 'विशिष्टिकृत कोटि के विद्यालय' के तरह नहीं किया है?**
(a) राजकीय व गैर अनुदानित विद्यालय
(b) केन्द्रीय विद्यालय
(c) नवोदय विद्यालय
(d) सैनिक स्कूल

UPPSC GDC Asst. Prof. 2008

Ans. (a) : आर.टी.ई. (Right to Education) निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा विधेयक 2009 यह शिक्षा सम्बन्धी एक विधेयक है। इस अधिनियम के बाद से 6-14 वर्ष के बच्चों को मुफ्त अनिवार्य शिक्षा का मौलिक अधिकार प्रदान किया गया है। आर.टी.ई. के अनुसार विशिष्टीकृत विद्यालय–
(i) केन्द्रीय विद्यालय
(ii) नवोदय विद्यालय
(iii) सैनिक स्कूल
राजकीय व गैर अनुदानित विद्यालय आर.टी.ई. एक्ट के अनुसार विशिष्टीकृत कोटि के विद्यालय नहीं हैं।

17. **अमेकितन विद्यालय परामर्शदाता संघ के अनुसार अभिदेश कार्य को .... स्तर पर विद्यालय परामर्शदाता का एक दायित्व माना गया है।**
(a) उच्च माध्यमिक (b) माध्यमिक
(c) प्रारम्भिक (d) प्राथमिक

UPPSC GDC Asst. Prof. 2008

Ans. (a) : विद्यालय परामर्शदाता संघ के अनुसार अभिदेशन कार्य को उच्च माध्यमिक स्तर पर विद्यालय परामर्शदाता का एक दायित्व माना गया है।

18. **प्रारम्भिक शिशु देख-भाल एवं शिक्षा (ई. सी. सी. ई.) को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी :**
(a) शिक्षा आयोग (1964-66) ने
(b) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1968) ने
(c) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986) ने
(d) माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952-53) ने

UP PGT 2003

Ans. (c) राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 1986 में बाल विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पूर्ण रूप से बाल विकास को ध्यान में रखते हुए पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य और बालकों के सामाजिक, मानसिक, शारीरिक नैतिक एवं भावनात्मक विकास को समेकित रूप में रखते हुए बाल विकास सेवा कार्यक्रम प्रारम्भ किए जाएंगे। इस प्रकार इस नीति में प्रारम्भिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा (ई.सी.सी.ई.) को सर्वोच्च प्राथमिकता दी थी।

19. **'साक्षर भारत अभियान' कार्यक्रम का आरम्भ कब हुआ?**
(a) 15 अगस्त, 2002 (b) 8 सितम्बर, 2009
(c) 8 सितम्बर, 2011 (d) 26 जनवरी, 2006

UP PGT 2021

Ans. (b) : अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 8 सितम्बर, 2009 को साक्षर भारत अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।
साक्षर-भारत अभियान कार्यक्रम राष्ट्रीय साक्षरता मिशन का नया कार्यक्रम है। इसके अन्तर्गत 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को आच्छादित किया जायेगा।

20. **नई शिक्षा नीति-1986 के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य एवं निःशुल्क बनाने हेतु कौन-सी योजना प्रस्तुत की गई?**
(a) सर्वोदय स्कूल
(b) शिक्षा का व्यवसायीकरण
(c) आपरेशन ब्लैकबोर्ड
(d) साक्षरता कार्यक्रम

UPPSC GDC Asst. Prof. 2008

Ans. (c) : नई शिक्षा नीति 1986 के अंतर्गत प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य एवं निःशुल्क बनाने हेतु 1987 में ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड योजना शुरू की गयी थी। ऑपरेशन ब्लैकबोर्ड का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक विद्यालय में न्यूनतम शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराना और प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता तथा शिक्षा में परिमाणत्मक सुधार करना था।

21. **गोपाल कृष्ण गोखले ने 'केन्द्रीय धारा सभा' में अनिवार्य एवं निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा सम्बन्धी विधेयक कब प्रस्तुत किया था?**
(a) 16 मार्च, 1910 (b) 19 मार्च, 1910
(c) 16 मार्च, 1911 (d) 19 मार्च, 1911

UP PGT 2004
UPPSC GIC Pravkta 2012

Ans. (c) गोपाल कृष्ण गोखले बड़ौदा नरेश के प्रयास से बहुत प्रभावित हुए थे। अतः उन्होंने प्राथमिक शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बनाने के लिए केन्द्रीय धारा सभा में एक सदस्य के रूप में प्रस्ताव 19 मार्च, 1910 को रखा। जब गोपाल कृष्ण गोखले के प्रथम प्रस्ताव पर सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया तो भारतीय कांग्रेस ने गोखले से इस दिशा में उचित कार्यवाही करने को कहा और 16 मार्च, 1911 को केन्द्रीय धारा सभा के सामने उन्होंने फिर एक विधेयक प्रस्तुत किया। इस विधेयक में कहा गया है- इस विधेयक का उद्देश्य की प्राथमिक शिक्षा प्रणाली में अनिवार्यता के सिद्धान्त को क्रमशः लागू किया जाना चाहिए।

22. **सर्वप्रथम निःशुल्क एवं अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा का प्रस्ताव किया गया था**
(a) हंटर आयोग द्वारा (b) गोखले बिल द्वारा
(c) हर्टोग समिति द्वारा (d) सैडलर आयोग द्वारा

UP PGT 2005

Ans. (b) गोपाल कृष्ण गोखले ने 1910 में केन्द्रीय धारा (इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल) में एक प्रस्ताव रखा कि सम्पूर्ण भारत में प्राथमिक शिक्षा को निशुल्क और अनिवार्य करने के लिए प्रयास किये जाएं। अनेक लोगों ने प्रस्ताव का समर्थन किया लेकिन दुर्भाग्य से प्रस्ताव अस्वीकार हो गया।

23. **प्राथमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना शुरू करने का उद्देश्य था।**

अथवा

प्राथमिक स्कूलों में दोपहर का भोजन की योजना लागू करने का क्या अभिप्राय था?
(a) नामांकन बढ़ाना
(b) समाज की सहभागिता
(c) अध्यापकों को व्यस्त रखना
(d) काम करने के अवसर बढ़ाना

UPPSC GIC Pravkta 2012
UGC NET/JRF Dec 2013 (Paper-II)

Ans. (a) मध्याह्न भोजन योजना (शिक्षा मंत्रालय के तहत) एक केन्द्र प्रायोजित योजना है जिसकी शुरुआत 15 अगस्त, 1995 में की गई थी। यह प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए विश्व का सबसे बड़ा विद्यालय भोजन कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के तहत विद्यालय में नामांकित I से VIII तक की कक्षाओं में अध्ययन करने वाले छह से चौदह वर्ष की आयु के हर बच्चे को पका हुआ भोजन प्रदान किया जाता है। वर्ष 2021 में इसका नाम बदलकर 'प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना' (पीएम पोषण योजना) कर दिया गया और इसके पूर्व-प्राथमिक कक्षाओं के बाल वाटिका (3-5 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चे) के छात्र भी शामिल हैं।
इस योजना का उद्देश्य, स्कूल में नामांकन और उपस्थिति में वृद्धि, भूख और कुपोषण समाप्त करना, जातियों के बीच समाजीकरण में सुधार, विशेष रूप से महिलाओं को जमीनी स्तर पर रोजगार प्राप्त करना है।

24. मिड-डे-मील कार्यक्रम प्राथमिक विद्यालयों में प्रारंभ करने का प्रमुख कारण है
(a) नामांकन संख्या बढ़ाने हेतु
(b) समाज विस्तार हेतु
(c) अध्यापकों के विकास हेतु
(d) रोजगार वृद्धि हेतु

UP PGT 2011

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

25. बेसिक शिक्षा में निहित सिद्धांत था–
(a) साक्षरता को प्रोत्साहन
(b) पास–पड़ोस के पर्यावरण से छात्रों को परिचित करना
(c) मस्तिष्क, हृदय और हाथ इन तीनों के कार्यों को सम्बन्धित करना
(d) ज्ञान में वृद्धि करना

UP PGT 2016

Ans. (c) : गांधी जी ने बेसिक शिक्षा के सिद्धान्तों को प्रतिपादित किया और उनका मानना था कि शिक्षा आत्म-निर्भर होनी चाहिऐ। उन्होंने कहा की शिक्षा से मेरा अभिप्राय बालक और मनुष्य में शारीरिक मानसिक एवं आध्यात्मिक शक्तियों के सर्वोत्तम विकास से है। मैं बालक की शिक्षा प्रारम्भ के समय ही उसे एक उपयोगी हस्तशिल्प शिक्षा सिखाना चाहता हूँ।

26. 'सर्व शिक्षा अभियान' सम्बन्धित है–
(a) प्रौढ़ शिक्षा से (b) प्राथमिक शिक्षा से
(c) बालिकाओं की शिक्षा से (d) माध्यमिक शिक्षा से

UP PGT 2016

Ans. (b) : सर्व शिक्षा अभियान (SSA) भारत सरकार का एक प्रमुख कार्यक्रम है, जिसे प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमीकरण (यूईई) को प्राप्त करने के लिए 2001 में शुरू किया गया। SSA को कानूनी समर्थन तब प्रदान किया गया था। जब 6-14 वर्ग के बच्चों के लिए मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा को अनुच्छेद 21(A) के तहत भारतीय संविधान में एक मौलिक अधिकार बनाया गया था। SSA को सभी के लिए शिक्षा आंदोलन कहा जाता है। SSA का प्राथमिक लक्ष्य 2010 तक अपने उद्देश्यों को पूरा करना था। हालांकि समय सीमा बढ़ा दी गई है। इसका लक्ष्य 1.1 मिलियन बस्तियों में लगभग 193 मिलियन बच्चों को शैक्षिक बुनियादी ढाँचा प्रदान करना है। भारतीय संविधान के 86 वें संशोधन अधिनियम ने SSA को कानूनी समर्थन प्रदान किया। जब इसने 6-14 आयु वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा को मुक्त एवं अनिवार्य बना दिया।

27. गोखले बिल सम्बन्धित है
अथवा
गोखले विधेयक किससे संबंधित था ?
(a) प्राथमिक शिक्षा से (b) माध्यमिक शिक्षा से
(c) उच्च शिक्षा से (d) शिक्षक शिक्षा से

UP PGT 2011, 2016

Ans. (a) : गोपाल कृष्ण गोखले ने भारत सरकार को अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा की दिशा में क्रियाशील बनाने के लिए प्रयास किया। गोपाल कृष्ण गोखले पूना के फर्ग्यूसन कालेज के प्राचार्य तथा केन्द्रीय धारा सभा के सदस्य थे। सन् 1910 से 1913 के बीच उन्होंने सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाये जाने के लिए अथक प्रयास किया। उनका विचार था कि अशिक्षित व अज्ञानी राष्ट्र कभी भी सही उन्नति नही कर सकता है। तथा वह जीवन की दौड़ में पिछड़ जाता है।

28. किस क्षेत्र में सुधार के लिए 'आपरेशन ब्लैक बोर्ड' शुरू किया गया था?
(a) प्राथमिक शिक्षा (b) माध्यमिक शिक्षा
(c) उच्च शिक्षा (d) शिक्षक शिक्षा

UP PGT 2016
UPPSC GIC Pravkta 2012

Ans. (a) : भारत सरकार के द्वारा सन् 1986 में शिक्षा की राष्ट्रीय नीति की घोषणा की गई। शिक्षा की इस नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्राथमिक शिक्षा में सुधार करने की आवश्यकता को महसूस किया गया तथा यह संकल्प लिया गया कि प्राथमिक स्कूलों में आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाऐगी। प्राथमिक स्कूलों में आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए 'आपरेशन ब्लैक बोर्ड' नामक कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसका उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था को सुनिश्चित करना है। इसके अन्तर्गत प्राथमिक स्कूल दो बड़े कमरे, आवश्यक खिलौने व खेल सामग्री, श्यामपट्ट, मानचित्र, चार्ट तथा अन्य अधिगम सामग्री की आवश्यकताओं के रूप में निर्धारित किया गया है। सन् 1992 में किए गये संशोधन में 'आपरेशन ब्लैक बोर्ड' के क्षेत्र को उच्च प्राथमिक विद्यालयों तक विस्तृत कर दिया गया है।

29. अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के महान समर्थक थे?
(a) गोपाल कृष्ण गोखले (b) लाला लाजपत राय
(c) दादा भाई नौरोजी (d) विट्ठल भाई पटेल

UP PGT 2013

Ans. (a) गोपाल कृष्ण गोखले अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा के महान समर्थक थे। उन्होंने 19 मार्च, 1910 ई. को केन्द्रीय धारा सभा में सदस्यों के समक्ष एक प्रस्ताव रखा जिसमें यह कहा गया था कि सम्पूर्ण देश में प्राथमिक शिक्षा को निःशुल्क और अनिवार्य बनाने का कार्य प्रारम्भ किया जाय और इस संबंध में एक संयुक्त आयोग की नियुक्ति की जाय। उन्होंने अपने प्रस्ताव में कहा कि जिन क्षेत्रों में 33 प्रतिशत बालक शिक्षा प्राप्त नहीं कर रहे हैं वहाँ 6 से 10 वर्ष तक के आयु के बालकों हेतु प्राथमिक शिक्षा निःशुल्क एवं अनिवार्य हो।

30. बुनियादी शिक्षा पाठ्यक्रम में निम्नलिखित शामिल नहीं था-
(a) बुनियादी कला (b) शारीरिक क्रियायें
(c) माध्यम के रूप में अंग्रेजी (d) सहसम्बन्ध का सिद्ध

UP PGT 2013

Ans. (c) गाँधी जी द्वारा 1937 में बुनियादी शिक्षा या वर्धा शिक्षा की नींव रखी गयी। बुनियादी शिक्षा पाठ्यक्रम में, बुनियादी कला, शारीरिक क्रियाएँ तथा सहसम्बन्ध का सिद्धान्त सम्मिलित है। गाँधी जी ने बुनियादी शिक्षा के लिए मुख्य आधार,

(1) 6 से 14 वर्ष के लिए निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा पर बल,
(2) शिक्षा का माध्यम हिन्दी हो,
(3) हस्त केन्द्रित शिक्षा पर बल।

31. प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकीकरण के लक्ष्य प्राप्ति में मुख्य समस्या है-
(a) शिक्षा के समान अवसरों का अभाव
(b) निर्धनता
(c) शिक्षा के प्रति रूचि का अभाव
(d) उपरोक्त में कोई नही

UP PGT 2013

Ans. (c) प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य बनाने का प्रयास सर्वप्रथम 1910 में गोपाल कृष्ण गोखले ने किया था। शिक्षा के प्रति रुचि के अभाव के कारण प्राथमिक शिक्षा के सार्वभौमिकरण की समस्या होती है।

32. 3R के शिक्षण में कौन सम्मिलित नहीं है-
(a) लिखना (b) पढ़ना
(c) गणित (d) दोहराना

UP PGT 2013

Ans. (d) 3 R गाँधी जी के बेसिक शिक्षा का आधार था। जिसमें (1) पढ़ना (2) लिखना (3) गणित सम्मिलित था।

33. बेसिक शिक्षा की मुख्य विशेषता है-
(a) नैतिक शिक्षा प्रदान करना
(b) अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना
(c) स्वावलंबन की भावना विकसित करना
(d) निःशुल्क शिक्षा प्रदान करना

UP PGT 2013

Ans. (c) गाँधी जी ने बेसिक शिक्षा या वर्धा शिक्षा को 1937 में प्रारम्भ किया था। जिसका मुख्य उद्देश्य बालकों में स्वावलम्बन की भावना विकसित करना था।

34. निम्नलिखित में से कौन सा पूर्व-प्राथमिक शिक्षा का केन्द्र नहीं है?
(a) बालबाड़ी (b) आँगाबाड़ी
(c) नर्सरी स्कूल (d) किण्डरगार्टेन

UP PGT 2013

Ans. (c) पूर्व प्राथमिक शिक्षा का केन्द्र बालबाड़ी, आंगनबाड़ी तथा किण्डर गार्टेन है एवं प्राथमिक शिक्षा का केन्द्र नर्सरी स्कूल है। अतः नर्सरी स्कूल पूर्व-प्राथमिक शिक्षा का केन्द्र नहीं है।

35. DIET की स्थापना निम्नलिखित स्तर के शिक्षकों के प्रशिक्षण हेतु की गयी-
(a) पूर्व-माध्यमिक स्तर (b) प्राथमिक स्तर
(c) माध्यमिक स्तर (d) उच्च स्तर

UP PGT 2013

Ans. (b) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में शिक्षक शिक्षा के समुन्नत बनाने के लिए प्राथमिक स्कूल के शिक्षकों और अनौपचारिक शिक्षा शिक्षकों के लिए पूर्व सेवा एवं सेवारत पाठ्यक्रमों के आयोजन के लिए प्रत्येक जिलों में जिला शिक्षा तथा प्रशिक्षण संस्थान स्थापित करने का प्रावधान किया गया।

36. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में शिक्षा का निम्न में से कौन स्वरूप वर्णित है?
(a) 10 + 2 (b) 10 + 2 + 3
(c) 10 + 3 + 2 (d) 10 + 1 + 4

UP PGT 2009

Ans. (b) राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 में राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली में एकसमान शिक्षा संरचना का विचार निहित है। इसके तहत 10+2+3 की संरचना को देश के समस्त भागों में स्वीकार किया जा चुका है यह राष्ट्रीय शिक्षा प्रणाली एक राष्ट्रीय पाठ्यक्रम रूपरेखा पर आधारित होगी जिसमें एक समान कोर के साथ अन्य अंग लोचनीय होंगे।

37. एक कक्षा में छात्रों की संख्या, कम क्यों होनी चाहिए?
(a) छात्र पर शिक्षक का व्यक्तिगत ध्यानाकर्षण हेतु
(b) भीड़ कम करने हेतु
(c) अधिक फीस प्राप्त करने हेतु
(d) इनमें से सभी

UP PGT 2009

Ans. (a) एक कक्षा छात्रों की संख्या कम होने से आध्यापक प्रत्येक छात्र पर व्यक्तिगत ध्यानाकर्षण कर सकता है।

38. राष्ट्रीय एकीकरण के मार्ग में प्रमुख बाधा है
(a) निरक्षता (b) क्षेत्रवाद
(c) जातिवाद (d) ये सभी

UP PGT 2009

Ans. (d) राष्ट्रीय एकीकरण से अभिप्राय राष्ट्र की सभी इकाईयों अर्थात राज्यों, धर्मों, जातियों, सम्प्रदायों, या नागरिकों के एक साथ मिलजुल कर राष्ट्रहित में कार्य करने से है। राष्ट्रीय एकता के विकास में प्रायः प्रान्तीयता, जातिवाद, साम्प्रदायिकता सामाजिक व आर्थिक विषमतायें निरक्षरता, भाषागत विभिन्नता जैसे तत्व बाधक होते है।

39. ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड प्रारम्भ हुआ
(a) वर्ष 1986-87 से (b) वर्ष 1987-88 से
(c) वर्ष 1988-89 से (d) वर्ष 1989-90 से

UP PGT 2005

Ans. (b) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 के अन्तर्गत 1987-88 में ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना की शुरूआत की गई इसके अन्तर्गत यह प्रावधान किया गया की प्राथमिक विद्यालयों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाए।

40. केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 10 + 2 + 3 की शैक्षिक संरचना किस वर्ष में क्रियान्वित की?
(a) 1976 में (b) 1972 में
(c) 1968 में (d) 1970 में

UP PGT 2005

Ans. (c) कोठरी आयोग के सुझाव पर भारत सरकार ने सन् 1968 में प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की जिसमें 10 + 2 + 3 की शिक्षा संरचना को स्वीकार किया गया। इस शिक्षा संरचना में इस वर्ष का सामान्य पाठ्यक्रम तथा तीन वर्ष की प्रथम उपाधि-स्तर पाठ्यक्रम की संकल्पना है जो सम्पूर्ण राष्ट्र में एक समान रहेगी।

41. बेसिक शिक्षा का कौन-सा मुख्य सिद्धान्त नहीं है?
(a) समवाय पद्धति (b) स्वावलम्बन
(c) शिल्प केन्द्रित शिक्षण (d) साहित्य शिक्षण

UP PGT 2004

Ans. (d) गाँधी जी की बेसिक शिक्षा के मुख्य सिद्धान्त निम्न लिखित है- 1. निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा 2. शिक्षा का माध्यम मातृभाषा 3. स्वावलम्बन 4. समवाय पद्धति 5. शिल्प केन्द्रित शिक्षण 6. वर्ग भेद समाप्त करना 7. शिक्षा का आधार अंहिंसा। इस प्रकार साहित्य शिक्षण बेसिक आधार भूत सिद्धान्तों में सम्मिलित नहीं है।

42. 'गोखले बिल' का सम्बन्ध था :
(a) अनिवार्य माध्यमिक शिक्षा से
(b) अनिवार्य महिला शिक्षा से

(c) अनिवार्य प्राथमिक शिक्षा से
(d) अनिवार्य तकनीकी शिक्षा से

UP PGT 2004

Ans. (c) गोखले बिल प्रस्ताव 19 मार्च, 1911 को केन्द्रीय धारा सभा में अनिवार्य एवं निःशुल्क प्राथमिक शिक्षा के सन्दर्भ में पेश किया गया था।

43. छात्रों के सर्वागीण विकास का मूल्यांकन किया जा सकता है

(a) बाह्य परीक्षा प्रणाली में
(b) आन्तरिक परीक्षा प्रणाली में
(c) सेमेस्टर परीक्षा प्रणाली में
(d) बाह्य-आन्तरिक परीक्षा एवं सतत मूल्यांकन प्रणाली में

UP PGT 2004

Ans. (d) सतत् आन्तिरक मूल्यांकन सम्पूर्ण सत्र के दौरान छात्रों को अध्ययन करने की ओर प्रेरित करता है। चयनित व सतही अध्ययन की प्रवृत्ति को सतत् मूल्यांकन प्रणाली समाप्त करती है। सतत मूल्यांकन के द्वारा छात्रो को समय-समय पर उनकी शैक्षिक प्रगति से अवगत कराकर उन्हे आवश्यक feed Bock देना संभव है। इस प्रकार छात्रों के सर्वांगीण विकास का मूल्यांकन बाह्य आन्तिरक परीक्षा एवं सतत् मूल्यांकन प्रणाली के द्वारा किया जा सकता है।

44. कौन-सा उपाय शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाने में सहायक है?

(a) भीड़ भरी कक्षा
(b) राजनैतिक हस्तक्षेप
(c) प्रभावी शिक्षण पद्धति
(d) अव्यवहारिक पाठ्यक्रम

UP PGT 2004

Ans. (c) एक शिक्षक के लिए आवश्यक है कि उसे शिक्षण विधियों का ज्ञान हो ताकि वह आवश्यकता और परिस्थितियों के अनुसार किसी भी परीक्षण विधि का प्रयोग कर अपने शिक्षण कार्य को सुचारू रूप से चला सके। इस प्रकार प्रभावी शिक्षण विधि के प्रयोग से शिक्षा के स्तर को ऊँचा उठाया जा सकता है।

45. मूल्यांकन का घनिष्ठ सम्बन्ध होता है :

(a) शिक्षक से
(b) छात्र से
(c) शैक्षिक उद्देश्यों से
(d) परीक्षा से

UP PGT 2004

Ans. (c) एक उद्देश्य पूर्ण प्रक्रिया होने के कारण शिक्षा प्रक्रिया के समुचित नियोजन तथा संचालन के लिए शैक्षिक उद्देश्य का निर्माण करना अत्यन्त आवश्यक है। शैक्षिक उद्देश्यों को जब व्यवहार परिवर्तनों के रूप में लिखा जाता है तब प्राप्त उद्देश्य के नाम से जाना जाता है। मूल्यांकन की सहजता व सरलता के लिए उद्देश्यों को व्यवहार परिवर्तनों के रूप में लिखना आवश्यक व महत्वपूर्ण होता है।

46. 'ऑपरेशन ब्लैक-बोर्ड' योजना लागू की गई है :

(a) प्राथमिक शिक्षा के क्षेत्र में
(b) माध्यमिक स्तर की शिक्षा के क्षेत्र में
(c) प्रौढ़ शिक्षा के क्षेत्र में
(d) उपर्युक्त किसी भी क्षेत्र में नहीं

UP PGT 2003

Ans. (a) ऑपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना प्राथमिक शिक्षा के उन्नयन के लिए लागू की गयी। इसके अन्तर्गत स्कूलों में भवन, चार्ट, खेल-सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी।

47. भारतवर्ष 'बुनियादी शिक्षा' की योजना किसके आदर्शों के आधार पर बनाई गई?

(a) महात्मा गाँधी
(b) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(c) सर्वपल्ली राधाकृष्णन
(d) जवाहरलाल नेहरू

UP PGT 2003

Ans. (a) महात्मा गाँधी ने राष्ट्रीय पुनर्निर्माण में शिक्षा के महत्व को देखते हुए सन् 1937 में हरिजन नामक पत्रिका में शिक्षा-सम्बन्धी लेखों की एक श्रृंखला प्रकाशित की महात्मा गाँधी के यही लेख कालान्तर में बेसिक शिक्षा योजना के आधार बनें।

48. बुनियादी शिक्षा के लिए पहला शैक्षणिक सम्मेलन कब हुआ था?

(a) 1936 ई. में
(b) 1937 ई. में
(c) 1938 ई. में
(d) 1939 ई. में

UP PGT 2003

Ans. (b) डॉ. जाकिर हुसैन की अध्यक्षता में सन् 1937 में एक समिति बेसिक शिक्षा योजना बनाने के लिए गठित की गई। यह समिति वर्धा सम्मेलन, 1937 के प्रस्ताव आधार पर गठित की गयी थी।

49. बुनियादी शिक्षा की रूपरेखा लिखित रूप से तैयार करने के लिए एक समिति का गठन किया गया था जिसके अध्यक्ष थे :

(a) डॉ. अब्दुल कलाम आजाद
(b) डॉ. जाकिर हुसैन
(c) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(d) डॉ. राधाकृष्णन

UP PGT 2003

Ans. (b) बुनियादी शिक्षा की रूपरेखा लिखित रूप से तैयार करने के लिए 1937 में जाकिर हुसैन समिति का गठन किया गया था। इस समिति ने अपनी रिपोर्ट में शिक्षा के मूल सिद्धान्तों, उद्देश्यों, शिक्षक प्रशिक्षण, निरीक्षण, पर्यवेक्षण प्रशासन हस्तकार्यों का अन्य विषयों के साथ सहसम्बन्ध स्थापित करने की विधि आदि के सम्बन्ध में सुझाव प्रस्तुत किया।

50. माध्यमिक शिक्षा आयोग की संस्तुति निम्नांकित राज्यों में किसने लागू नहीं किया?

(a) पं बंगाल
(b) बिहार
(c) त्रिपुरा
(d) उत्तर प्रदेश

UP PGT 2003

Ans. (c) माध्यमिक शिक्षा आयोग की संस्तुति त्रिपुरा राज्य ने लागू नहीं किया। जबकि प. बंगाल, उत्तर प्रदेश तथा बिहार राज्य ने माध्यमिक शिक्षा आयोग की संस्तुति को लागू किया है।

51. उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्व प्राथमिक शिक्षा के लिए प्रयास किया :

(a) आंगनबाड़ी की स्थापना करके
(b) शिक्षा मित्र की नियुक्ति करके
(c) नर्सरी विद्यालय को आदर्श विद्यालय बनाने का प्रयत्न करके
(d) मॉन्टेसरी विद्यालयों की स्थापना करके

UP PGT 2003

Ans. (a) उत्तर प्रदेश सरकार ने आगनबाड़ी कार्यक्रम पूर्व प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए चलाया है।
आंगनवाड़ी सेवायेयोजना भारत सरकार द्वारा प्रयोजित 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिला और धात्री माताओं में कुपोषण और स्वास्थ्य समास्याओं से निपटने के लिए भारत की एक अनूठी प्राथमिक समाजिक कल्याण योजना है। 1975 में इसकी स्थापना के बाद से आंगनवाड़ी सेवायें योजना ने अपने दायरे में उल्लेखनीय रूप से विस्तार किया है। प्रदेश में बच्चों के सर्वागीण विकास एवं कल्याण हेतु आंगनवाड़ी सेवा योजना के लिए वर्ष 1988 से बाल विकास एवं पुष्टहार विभाग के रूप में एक अलग विभाग कार्यरत है। यह योजना मुख्य रूप से शिशु और बाल मृत्यु दर को कम करने और मातृ स्वास्थ्य परिणाम में सुधार लाने पर केन्द्रित है।

52. कला, शिल्प तथा गृह-विज्ञान की परीक्षा में अंकों का आधार है :

(a) लगाया गया समय (b) प्रयुक्त सामग्री
(c) प्रयुक्त प्रक्रिया (d) अन्तिम उत्पाद

UP PGT 2003

Ans. (d) कला-शिल्प तथा गृह विज्ञान की परीक्षा में अंक प्रदान करने का आधार अन्तिम उत्पाद होता है।

53. उत्तर प्रदेश ने 10+2+3 की योजना का अनुसरण किया है लेकिन उत्तर प्रदेश के अधिकांश विश्वविद्यालयों में स्नातक स्तर में ऑनर्स की डिग्री प्रदान नहीं की जाती। ऐसी स्थिति में जिन राज्यों में ऑनर्स की डिग्री मिलती है वहाँ जाने पर यहाँ के विद्यार्थियों को किस तरह की असुविधा का सामना करना पड़ता है?

(a) स्नातक स्तर में ऑनर्स पाठ्यक्रम और त्रिवर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम एक समान है, फलतः इन विद्यार्थियों को किसी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ता है।
(b) इन्हें दूसरे राज्यों में नौकरियों एवं शिक्षण संस्थानों में भर्ती के मामले में कम महत्व दिया जाता है
(c) इन्हें अपेक्षाकृत निम्न स्तर का समझा जाता है
(d) त्रिवर्षीय डिग्री को पास कोर्स माना जाता है

UP PGT 2002

Ans. (d) त्रिवर्षीय स्नातक कार्यक्रम (1) पास कोर्स (2) आनर्स कोर्स है।

54. उत्तर प्रदेश में विद्यालयों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण किस प्रकार किया जाता है?

(a) शिक्षा मंत्री द्वारा
(b) विद्यालय-निरीक्षक द्वारा
(c) जिला परिषद् के अध्यक्ष द्वारा
(d) विशेषज्ञों की एक नामिका द्वारा

UP PGT 2002

Ans. (b) उत्तर प्रदेश में विद्यालयों का निरीक्षण एवं पर्यवेक्षण पी.ई. द्वारा नियुक्त जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया जाता है।

55. स्थानीय स्वायत्त शासन की कौन-सी संस्था उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में प्राथमिक विद्यालय चलाने के लिए उत्तरदायी है?

(a) ग्राम पंचायत (b) जिला परिषद
(c) क्षेत्र समिति (d) शिक्षा निदेशालय

UP PGT 2002

Ans. (a) उत्तर प्रदेश के स्थानीय स्वशासन की संस्था ग्राम पंचायत होती है ग्राम पंचायत ही ग्रामीण इलाकों को प्राथमिक विद्यालय चलाने के लिए उत्तरदायी होती है ।

56. प्राढ़ों को जो पढ़ाया जाता है उसे वे न भूलें, यह देखने के लिए प्रौढ़-साक्षरता कार्यक्रम में कौन-सा कार्य किया जाना चाहिए?

(a) प्रवचनों की व्यवस्था करना
(b) इसे प्रासंगिक बनाना
(c) प्रयोग एवं भूल पद्धति का उपयोग करना
(d) शिक्षा कार्यक्रम को जारी रखे रहना

UP PGT 2002

Ans. (b) प्रौढ़ों के प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए कार्यक्रम को प्रासंगिक बनाना चाहिए इस प्रकार प्रौढ़ों को जो पढ़ाया जाऐगा वह भूलेगा नहीं। प्रौढ़ शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पहले पंचवर्षीय योजना से अनेक कार्यक्रम शुरू किये गये है, जिसमें सबसे प्रमुख राष्ट्रीय साक्षरता मिशन (एल.एन.एम.) है, जिसे समयबद्ध तरीके से 15-35 वर्ष की आयु समूह में अशिक्षितों को कार्यातमक साक्षरता प्रदान करने के लिए 1988 में शुरू किया गया।

57. ऐसा सुझाव दिया गया है कि वर्ष के अन्त में एक बार मूल्यांकन करने के स्थान पर वर्ष भर सतत् मूल्यांकन किया जाय। यह लाभदायक होगा ....

(a) शिक्षक और विद्यार्थी दोनों के लिए, क्योंकि उन्हें बराबर प्रतिपुष्टि मिलती रहेगी
(b) केवल छात्रों के लिए, क्योंकि वे अपनी श्रेणी सुधार सकेंगे
(c) केवल शिक्षकों के लिए, क्योंकि वर्ष के अन्त में प्रश्न-पत्र बनाने तथा परीक्षा लेने की परेशानी से वे बच जायेंगे
(d) केवल शैक्षिक प्रशासकों के लिए क्योंकि वे कमजोर विद्यार्थियों को आसानी से छाँट सकते हैं

UP PGT 2002

Ans. (a) सतत् मूल्यांकन के अन्तर्गत छात्रों की शैक्षिक प्रगति का मूल्यांकन शिक्षण कार्य कर रहे अध्यापकों के द्वारा लगातार किया जाता है तथा छात्रों को उनकी कमियों व सफलताओं की लगातार जानकारी दी जाती है। इस मूल्यांकन प्रणाली में छात्रों के साथ-साथ अध्यापकों को भी अपनी शिक्षण योजना में सुधार करने के अवसर प्रदान करता है।

58. माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रम में कार्य अनुभव की संस्तुति की गयी थी :

(a) आचार्य नरेन्द्र देव समिति (1953) द्वारा
(b) कोठारी आयोग (1964-66) द्वारा
(c) मुदालियर आयोग (1952) द्वारा
(d) डॉ. राधाकृष्णन आयोग (1948-49) द्वारा

UP PGT 2002

Ans. (a) उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में शैक्षिक प्रगति के मूल्यांकन तथा सुधार के लिए आचार्य नरेंद्रदेव समिति का (1952-53) में गठन किया। इस समिति को माध्यमिक शिक्षा पुनर्गठन समिति के नाम से गठित किया गया था तथा आचार्य नरेन्द्र देव को अस समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। इस समिति द्वारा माध्यमिक स्तर के पाठ्क्रम में कार्य अनुभव की संस्तृति की गयी थी।

59. ऐसा सुझाव दिया गया है कि वर्ष के अन्त में एक बार मूल्यांकन करने के स्थान पर वर्ष भर सतत् मूल्यांकन किया जाय। यह लाभदायक होगा...

(a) शिक्षक और विद्यार्थी दोनों के लिए क्योंकि उन्हें बराबर प्रतिपुष्टि मिलती रहेगी
(b) केवल छात्रों के लिए, क्योंकि वे अपना डिवीजन सुधार सकेंगे
(c) केवल शिक्षकों के लिए, क्योंकि वर्ष के अन्त में प्रश्न-पत्र बनाने तथा परीक्षा लेने की परेशानी से वे बच जायेंगे।
(d) केवल शैक्षिक प्रशासकों के लिए क्योंकि वे कमजोर विद्यार्थियों को आसानी से छाँट सकते हैं

UP PGT 2000

Ans. (a) सतत मूल्यांकन के अन्तर्गत छात्रों की शैक्षिक प्रगति का मूल्यांकन शिक्षण कार्य कर रहे अध्यापकों के द्वारा लगातार किया जाता है। छात्रों को उनकी कमियों व सफलताओं की लगातार जानकारी दी जाती है। इस मूल्यांकन प्रणाली में छात्रों के साथ-अध्यापकों को भी अपनी शिक्षण योजना में सुधार करने के अवसर प्रदान करता है। इस प्रकार इससे छात्र व शिक्षक दोनों को लगातार प्रतिपुष्टि मिलती रहेगी।

60. **शिक्षा में मूल्यांकन से अभिप्राय है :**
(a) योग्यताओं को अंक प्रदान करना
(b) पाठ्यवस्तु-निर्देश
(c) प्रतिभा-निर्देश
(d) व्यवसाय-निर्धारण

UP PGT 2000

Ans. (d) शिक्षा के मूल्यांकन से तात्पर्य है व्यक्तियों को मूल्यांकन के आधार पर व्यवसाय निर्धारण में प्रयोग किया जाता है।

61. **प्रौढ़-शिक्षा कार्यक्रम है केवल :**
(a) 16-25 वर्ष (b) 17-30 वर्ष
(c) 15-35 वर्ष (d) 30-35 वर्ष

UP PGT 2000

Ans. (c) भारत सरकार द्वारा निरक्षरता उन्मूलन के उद्देश्य हेतु राष्ट्रीय साक्षरता मिशन () 5 मई,1988 को आरम्भ किया गया। इसका लक्ष्य 1995 तक देश के 15-35 आयु वर्ग के 8 करोड़ प्रौढ़ों को कार्यात्मक साक्षरता प्रदान करना था।

62. **आपरेशन 'ब्लैक बोर्ड' का तात्पर्य है:**
(a) विद्यालय में 'श्यामपट्टी' की सुविधा देना
(b) विद्यालय में भवन की सुविधा देना
(c) विद्यालय में शिक्षकों को सुविधा देना
(d) विद्यालय की न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति करना

UP PGT 2000

Ans. (d) आपरेशन ब्लैक बोर्ड का मुख्य उद्देश्य प्राथमिक विद्यालयों में न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था को सुनिश्चित करना था।

63. **'सिद्धिरस्तु' नामक पुसतक पढ़ाई जाती थी :**
(a) प्राथमिक शिक्षा स्तर पर (b) पूर्व प्राथमिक शिक्षा स्तर पर
(c) उच्च शिक्षा स्तर पर (d) माध्यमिक शिक्षा स्तर पर

UP PGT 2000

Ans. (a) सातवीं शताब्दी में भारत आने वाले चीनी यात्री ह्वेनसांग के अनुसाार बौद्ध काल में प्राथमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम इस प्रकार होते थे- बालकों को प्रथम 6 माह में "सिद्धिरस्तु" नामक बाल पुस्तक पढ़नी पड़ती थी। इस पुस्तक में 12 अध्याय और वर्णमाला के 49 अक्षर थे जिनको विभिन्न क्रम में रखकर 300 से अधिक श्लोकों की रचना की गयी थी।

64. **विद्यालय के कौन से प्रकार्य को भारत सरकार साधारणतया ग्रहण करती है?**
(a) पारम्परिक प्रकार्य (b) उदारवादी प्रकार्य
(c) प्रगतिशील प्रकार्य (d) क्रान्तिकारी प्रकार्य

UP Higher Asst. Prof. 2014

Ans. (c) : विद्यालय के प्रगतिशील (Progressive function) को भारत-सरकार साधारणता ग्रहण करती है।

65. **निम्नांकित क्रियाओं में से कौन सी शिक्षण की पूर्व-क्रिया अवस्था में सम्मिलित नहीं है?**
(a) शैक्षिक उद्देश्यों का निर्धारण
(b) शिक्षण सामग्री से संबधित निर्णय
(c) अधिगामक का निदान
(d) शिक्षण व्यूहरचनाओं के संबंध में निर्णय

UP Higher Asst. Prof. 2014

Ans. (c) : पूर्व क्रिया अवस्था में शिक्षक छात्रों को इनाम प्रदान करने के लिए शिक्षण की योजना बनाता है, तथा पढ़ाने की तैयारी करता है। इस अवस्था में सभी क्रियाएं आती है जो शिक्षक कक्षा में जाने से पूर्व करता है। अर्थात अधिगामक का निदान इस शिक्षण अवस्था में सम्मिलित नहीं है।

66. **'एक शिक्षक कक्षा में प्रश्न पूछ रहा है।' यह क्रिया फ्लैण्डर की अंतःक्रिया वर्ग पद्धति में किस वर्ग में नोट की जायेगी?**
(a) 4 (b) 5
(c) 6 (d) 7

UP Higher Asst. Prof. 2014

Ans. (a) :



67. **निम्नलिखित में से कौन सा शैक्षिक पर्यवेक्षण का उद्देश्य नहीं है?**
(a) शिक्षण में छात्रों की सहायता करना
(b) विद्यालय स्तर को उठाने के लिए सुझाव देना
(c) शिक्षकों की वास्तविक समस्याओं को समझना
(d) शिक्षकों की व्यावसयिक उन्नति हेतु उपयुक्त कदम उठाना

UP Higher Asst. Prof. 2014

Ans. (a) : शिक्षण में छात्रों की सहायता करना शैक्षिक पर्यवेक्षक का कार्य नहीं है, शैक्षिक पर्यवेक्षक के निम्न कार्य है-
1. शैक्षिक नेतृत्व को अतिरिक्त ज्ञान एवं उत्तम कौशल प्रदान करने में पर्यवेक्षक का विशेष योग रहता है।
2. पर्यवेक्षक शिक्षकों को समन्वय निर्देश तथा मार्गदर्शन प्रदान करता है।
3. शिक्षक की निरन्तर अभिवृत्ति एवं छात्रों के विकास में योग देता है।

68. **पाठ्यक्रम के निर्माणात्मक मूल्यांकन में निम्नलिखित में से कौन सा सम्मिलित नहीं होता है?**
(a) अधिगम सामग्री का विश्लेषण करना
(b) लक्ष्यों में सुधार करना
(c) पाठ्यक्रम की कमी का पता लगाना
(d) शैक्षिक अभ्यास के प्रभाव को ज्ञात करना

UP Higher Asst. Prof. 2014

Ans. (d) : निर्माणात्मक मूल्यांकन से अभिप्राय किसी शैक्षिक कार्यक्रम योजना, प्रक्रिया की सामग्री की प्रभावशीलता, गुणवत्ता वांछनीयता तथा उपोगिता का आंकलन इसलिये करता है, कि उस कार्यक्रम की योजना प्रक्रिया या सामाग्री को और अधिक प्रभावशाली गुणवत्ता पूर्ण वांछनीय तथा उपयोगी बनााया जा सके।
अर्थात शैक्षिक अभ्यास के प्रभाव को ज्ञात नहीं करता है।

69. **कौन सा उद्देश्य विद्यालय प्रबंधन का एक अवांछनीय उद्देश्य है?**
(a) साथ रहने की कला सिखाना
(b) शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करना
(c) ख्याति अर्जित करना
(d) विद्यालय को एक सामुदायिक केन्द्र के रूप में विकसित करना

UPPSC GDC Pravkta 2012

Ans. (c) : विद्यालय प्रबंधन के उद्देश्य–
1. साथ रहने की कला सिखाना
2. शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करना

3. विद्यालय को एक सामुदायिक केन्द्र के रूप में विकसित करना
4. भविष्य में शिक्षा का संचालन करना
5. अनुभवों द्वारा छात्रों का विकास करना
6. राष्ट्रीय की अनुभूति कराना।

70. यू.जी.सी. एकेडमिक स्टाफ कॉलेजों द्वारा शिक्षकों के लिए संचालित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम निम्न में से कौन सा पाठ्यक्रम है?

(a) पूर्व सेवाकालीन पाठ्यक्रम (b) दीर्घकालीन पाठ्यक्रम
(c) उच्चतर स्तर पाठ्यक्रम (d) सेवाकालीन पाठ्क्रम

UPPSC GDC Pravkta 2012

Ans. (d) : यू.जी.सी. एकेडमिक स्टाफ कॉलेजों के द्वारा शिक्षकों के लिए संचालित पुनश्चर्या पाठ्यक्रम सेवाकालीन पाठ्यक्रम होता है। यहाँ शिक्षकों की अनवरता शिक्षा की व्यवस्था की जाती है। ये जिला शिक्षा परिषद (DBE) के "एकेडेमिक विंग" के रूप में कार्य करते है, जिन्हें सभी शैक्षिक कार्यक्रमों विद्यालयीय, गैर-औपचारिक व प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रमों- के क्रियान्वयन हेतु स्थापित किया जाता है।

71. आजकल के प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को इन कर्त्तव्यों में से किसको संपादित करना चाहिए?

(a) विद्यालय में उपस्थिति में नियमितता तथा समय की पाबन्दी
(b) विनिर्दिष्ट समय में पूरी पाठ्यचर्या को पूरा करना।
(c) बच्चों की अधिगम योग्यता का मापन
(d) उपर्युक्त सभी

UPPSC GDC Pravkta 2012

Ans. (d) : प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के कर्त्तव्य–
1. विद्यालय में उपस्थिति में नियमितता तथा समय की पाबन्दी
2. विनिर्दिष्ट समय में पूरी पाठ्यचर्या को पूरा करना।
3. बच्चों की अधिगम योग्यता का मापन

72. निम्न में से कौन सा पर्यवेक्षण की आधुनिक अवधारणा के बारे में सही नहीं है ?

(a) यह सुनिश्चत रूप से नियोजित एवं संगठित है।
(b) यह सहयोगपूर्ण है।
(c) यह आरोपित एवं सत्तावादी है।
(d) यह पूर्ण शिक्षण-अधिगम परिस्थिति पर फोकस करता है।

UPPSC GDC Pravkta 2012

Ans. (c) : पर्यवेक्षण एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें पर्यवेक्षक अपनी दिव्य दृष्टि द्वारा सम्पूर्ण विद्यायलय व्यवस्था के सूक्ष्म तत्व संबंधी समस्याओं का अध्ययन करता है, उनका समाधान प्रस्तुत करता है। इस अध्ययन प्रक्रिया में पर्यवेक्षक की महत्ता तथा उसके असाधारण गुणों का विशेष महत्व होता है।
पर्यवेक्षण के उद्देश्य : -
(i) शैक्षिक संस्थाओं के लिए उपयुक्त उद्देश्यों को निश्चित करना
(ii) अध्यापकों को शिक्षण सामाग्री के रूप में तकनीकी सेवा प्रदान करना
(iii) यह सुनिश्चित रूप से नियोजित एवं संगठित है।
(vi) यह सहयोग पूर्ण है।
(v) यह पूर्ण शिक्षण- अधिगम परिस्थिति पर फोकस करता है।
अतः पर्यवेक्षक की आधुनिक अवधारणा के बारें में यह आरोपित एवं सत्तावादी सही नहीं है।

73. निम्न में से कौन सा शैक्षिक उद्देश्यों के वर्गीकरण का मूलभूत क्षेत्र (डोमेन) नहीं है?

(a) संज्ञानात्मक (b) भावात्मक
(c) अनुप्रयोग (d) मनः चालित

UPPSC GDC Pravkta 2012

Ans. (c) : शिक्षण उद्देश्यों के आधार पर शिक्षण को तीन प्रमुख भागों में वर्गीकृत किया जाता है।
1. ज्ञानात्मक (Cognitive) 2. भावात्मक (Affective)
3. मनोगत्यात्मक/मन चलित शिक्षण (Psychomator)

74. एक शिक्षण अधिगम संव्यूहन के रूप में एक माड्यूल

(a) में पूर्व निर्धारित उद्देश्यों का एक निश्चित समुच्चय होता है।
(b) में मूल्यांकन तंत्र अन्तर्निहित होता है
(c) में अनुदेशात्मक गतिविधियाँ एक अनुक्रम में होती है।
(d) उपर्युक्त में से सभी

UPPSC GDC Pravkta 2012

Ans. (d) : एक शिक्षण अधिगम संव्यूहन के रूप में एक माड्यूल में पूर्व निर्धारित उद्देश्यों का एक निश्चित समुच्चय होता है। मूल्यांकन तंत्र अन्तर्निहित होता है और अनुदेशात्मक गतिविधियाँ एक अनुक्रम में होती है।

75. निम्न में से कौन सी शिक्षा शिल्प-केन्द्रित शिक्षा है?

(a) बेसिक शिक्षा (b) विशिष्ट शिखा
(c) व्यावसायिक शिक्षा (d) मॉन्टेसरी शिक्षा

UPPSC GDC Pravkta 2008

Ans. (a) : गाँधी जी के अनुसार, सम्पूर्ण मानव को शिक्षित करने की शिक्षा, हस्त कौशल-केन्द्रित शिक्षा अनुभवों तथा गतिविधियों के साथ-साथ विषयों के विभिन्न प्रकार के कौशलों के साथ पारस्परिक सम्बन्ध पर बल देती है। यह एक सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास में सहायता करती है। गाँधी जी की बेसिक शिक्षा, शिल्प केन्द्रित शिक्षा है।

76. 'पंचतन्त्र' सम्बंधित है

(a) प्राथमिक शिक्षा से (b) माध्यमिक शिक्षा से
(c) उच्च शिक्षा से (d) विशिष्ट शिक्षा से

UPPSC GDC Pravkta 2008

Ans. (a) : पंचतन्त्र की कहानियाँ प्राथमिक शिक्षा से सम्बन्धित है। पंचतन्त्र के लेखक भारतीय विद्रान विष्णु शर्मा है, पंचतंत्र का अर्थ है पांच, और तंत्र का अर्थ है ग्रंथ।

77. स्कूल प्रबन्धन का कार्य है

(a) स्कूल के समस्त कार्य का समुचित नियोजन
(b) समन्वयन तथा पर्यवेक्षण
(c) मूल्यांकन
(d) उपरोक्त सभी

UPPSC GDC Pravkta 2008

Ans. (d) : स्कूल प्रबन्धन का कार्य, स्कूल के समस्त कार्य का समुचित नियोजन, समन्वयन तथा पर्यवेक्षण एवं मूल्यांकन आदि है।
- विद्यालय प्रबन्धन का प्रमुख उद्देश्य विद्यालय के क्रिया-कलापों को मॉनीटर करना।
- शिक्षण कार्यो के लिए आवश्यक उपकरण जैसे ब्लैक-बोर्ड, चॉक, श्रव्य-दृश्य साधनों की व्यवस्था करना।

78. ऐकेडेमिक स्टॉफ कालेज किन स्तर के अध्यापकों से सम्बन्धित है?

(a) प्राथमिक शिक्षा के (b) माध्यमिक शिक्षा के
(c) उच्च शिक्षा के (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPPSC GDC Pravkta 2008

Ans. (c) : एकेडेमिक स्टॉफ कॉलेज उच्च शिक्षा के अध्यापकों से सम्बन्धित है। इसमें उच्च शिक्षा के अध्यापकों को सेवाकालीन प्रशिक्षण दिया जाता है।

79. संचयी अभिलेख पत्रकों का निर्माण क्यों करना चाहिये?

(a) बच्चों की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु
(b) बच्चे के बारे में वस्तुनिष्ठ जानकारी परामर्शक को देने के लिए।
(c) परामर्शी प्रयासों की वैधता सुनिश्चत करने के लिए।
(d) उपर्युक्त में से सभी

UPPSC GDC Pravkta 2008

Ans. (b) : शिक्षार्थियों के बारे में संचयी अभिलेख शिक्षकों, परामर्शदाताओं और प्रशासकों को उपयोगी सूचना प्रदान करते हैं। संचयी अभिलेख बच्चे के बारे में वस्तुनिष्ठ जानकारी परामर्शक को देने के लिये बनाये जाते हैं।

80. शैक्षिक संरचना 10 + 2 + 3 में 3 अंक का सम्बन्ध है-

(a) प्राथमिक शिक्षा से (b) माध्यमिक शिक्षा से
(c) उच्चतर शिक्षा से (d) तकनीकी शिक्षा से

UPPSC GDC Pravkta 2008
UPPSC GDC Pravkta 2013

Ans. (c) : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968 में शिक्षा प्रणाली का रूपान्तरण कर 10+2+3 पद्धति का विकास किया। शैक्षिक संरचना 10 + 2 + 3 में 3 अंक का सम्बन्ध उच्चतर शिक्षा से है।

81. निम्न में से कौन 'वर्धा योजना' से सम्बन्धित है?

(a) लार्ड मैकाले (b) महात्मा गाँधी
(c) राधाकृष्णन (d) सीमान्त गाँधी

UPPSC GDC Pravkta 2008

Ans. (b) : महात्मा गाँधी की भारत को जो देन है, उससे बुनियादी शिक्षा अत्यंत महत्वपूर्ण एवं बहुमूल्य है। इसे वर्धा योजना तथा बेसिक शिक्षा के नाम से भी जाना जाता है। महात्मा गाँधी ने 23 अक्टूबर 1937 को वर्धा योजना बनायी।

82. वर्धा शिक्षा सम्मेलन हुआ था

(a) 1921 में (b) 1937 में
(c) 1944 में (d) 1949 में

UPPSC GDC Pravkta 2013

Ans. (b) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

83. कक्षा में पढ़ाई गई पाठ्यवस्तु का तात्कालिक मूल्यांकन करने के लिए किस प्रकार के प्रश्न पूछे जाते हैं?

(a) विकासात्मक प्रश्न (b) प्रस्तावनात्मक प्रश्न
(c) मूल्यांकन प्रश्न (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

UPPSC GDC Pravkta 2008
UPPSC GDC Pravkta 2013

Ans. (c) : तात्कालिक मूल्यांकन करने के लिए मूल्यांकन प्रश्न पूछे जाते है। बालकों को कक्षा में पढ़ाई गयी पाठ्य-वस्तु का मूल्यांकन करने कि लिए मूल्यांकन प्रश्न के आधार पर उनकी गुणवत्ता मूल्य का अनुमान लगाया जाता है।

84. किसे पाठ्य-सहगामी क्रिया नहीं माना जाता है?

(a) विद्यालय पत्रिका का प्रकाशन
(b) वार्षिक परीक्षा का संचालन
(c) शैक्षिक पर्यटन की व्यवस्था
(d) स्काउट/गाइड शिविर का आयोजन

UPPSC GDC Pravkta 2013

Ans. (b) : वार्षिक परीक्षा का संचालन पाठ्यसहगामी क्रिया नहीं मानी जाती है। वार्षिक परीक्षा मूल्यांकन का एक अंग है।

85. युक्तिपूर्ण नियोजन की संकल्पना विकसित हुई थी

(a) व्यापार के क्षेत्र में (b) सेना के क्षेत्र में
(c) उद्योग के क्षेत्र में (d) शिक्षण के क्षेत्र में

UPPSC GDC Pravkta 2013

Ans. (d) : युक्तिपूर्ण नियोजन की संकल्पना शिक्षण के क्षेत्र में विकसित हुई है। नियोजन का अर्थ है कि किसी विशेष अवधि के लिए भविष्य में क्या करना है, यह पहले से तय करना और फिर इस निर्णय को लागू करने के उचित कदम उठाना।

86. कौन पर्यवेक्षण का प्रकार नहीं है?

(a) निरोधक पर्यवेक्षण (b) रचनात्मक पर्यवेक्षण
(c) अवपीड़ित पर्यवेक्षण (d) निर्देशित पर्यवेक्षण

UPPSC GDC Pravkta 2013

Ans. (a) : पर्यवेक्षण एक प्रक्रिया है जिससे अपनी आवश्यकतानुसार सीखने, अपनी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए अपने ज्ञान और कौशल का सर्वश्रेष्ठ उपयोग करने में कर्मचारियों की निर्दिष्ट स्टाक सदस्यों द्वारा मदद की जाती है, ताकि वह अपना काम अपने और एजेंसी के लिए अधिक प्रभावी और संतोष ढंग से कर सके। रचनात्मक, अवपीड़ित और निर्देशित पर्यवेक्षक के प्रकार हैं, परन्तु निरोधक पर्यवेक्षण, पर्यवेक्षण के प्रकार नहीं हैं।

87. बेसिक शिक्षा को प्रतिपादित किया था

(a) गांधीजी ने (b) जाकिर हुसैन ने
(c) अबुल कलाम ने (d) कोठारी ने

UPPSC GDC Pravkta 2013

Ans. (a) : बेसिक शिक्षा का प्रतिपादन 1937 में गांधी जी ने किया था जिसे वर्धा शिक्षा के नाम से भी जाना जाता है।

88. अध्यापक प्रभावशीलता के मुख्य लक्षण क्या है?

(a) विकास तथा पारस्परिकता के प्रति प्रवृत्तता
(b) व्यावहारिक तथ समकालीनता
(c) सृजनशीलता तथा सौन्दर्यबोध सजगता
(d) उपरोक्त सभी

UPPSC GDC Pravkta 2013

Ans. (d) : अध्यापक प्रभावशीलता के मुख्य लक्षण-
1. विकास तथा पारस्परिक्ता के प्रति प्रवृत्तता
2. व्यवहारिकता तथा समकालीनता
3. सृजनशीलता तथा सौन्दर्यबोध सजगता
4. मृदुभाषी
5. स्पष्ट भाषा शैली

89. "विद्यालय एक सहकारी समाज है।" यह कथन किसका है?

(a) रायबर्न (b) ओटावे
(c) नन (d) लूथर गुलिक

UKPSC GDC 2017

Ans. (a) : विद्यालय एक सहकारी समाज है-यह कथन रायबर्न का है। ब्रूस रायबर्न एक अमेरिकी शिक्षक थे।

90. विद्यालयी पर्यवेक्षण का मुख्य उद्देश्य है

(a) शिक्षकों का मूल्यांकन
(b) शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सुधार
(c) समूह नैतिकता का विकास
(d) विद्यालयी व्यवस्था का मूल्यांकन

UKPSC GDC 2017

Ans. (b) : पर्यवेक्षण एक सृजनात्मक और गतिशील प्रक्रिया है। जिसमें शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में सुधार करने तथा अभीष्ट लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अनुकूल मार्गदर्शन और दिशा प्रदान की जाती है।

91. निम्नलिखित में से कौन सर्व शिक्षा अभियान से सम्बन्धित नहीं है?
(a) अधिगम का न्यूनतम स्तर
(b) सम्पूर्ण साक्षरता अभियान
(c) आर्थिक आवश्यकताओं के प्रत्युत्तर में प्रणाली का विस्तार
(d) सामाजिक शिक्षा

UPPSC GIC Pravkta 2012

Ans. (c) आर्थिक आवश्यकताओं के प्रत्युत्तर में प्रणाली का विस्तार सर्वशिक्षा अभियान से सम्बंधित नहीं है

92. ''तार्किक निश्चयात्मकता'' का आशय है
(a) विद्यार्थी को परम सत्य का ज्ञान होना चाहिए।
(b) अध्यापक की सकारात्मक प्रवृत्ति हो।
(c) भाषा का विश्लेषण महत्वपूर्ण है।
(d) तत्व मीमांसा को जीवन सिद्धान्तों में बदलना।

UKPSC GDC 2017

Ans. (a) : तार्किक निश्चयात्मकता एक दार्शनिक आन्दोलन था। इस धारणा के लक्षण थे कि विद्यार्थी को परम सत्य का ज्ञान होना चाहिए।

93. 'प्रशासन' शब्द किस भाषा से लिया गया है?
(a) फ्रेंच (b) लैटिन
(c) ब्रिटिश (d) ग्रीक
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (b) : प्रशासन शब्द लैटिन भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ है लोगों की देखभाल करना एक व्यक्ति के द्वारा दूसरे व्यक्ति की सेवा करना।

94. अभिभावक शिक्षक संघ का समग्र उद्देश्य है
(a) बच्चों के लिए संवर्धन कार्यक्रम को उपलब्ध कराना
(b) उनके समुदाय के लिए अभिभावक के रूप में कक्षाएँ उपलब्ध
(c) विद्यालय को शिक्षा के लिए बेहतर बनाना
(d) उपरोक्त सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (d) : अभिभावक शिक्षक संघ का उद्देश्य–
1. बच्चों के लिए संवर्धन कार्यक्रम को उपलब्ध करना
2. उनके समुदाय के लिए अभिभावक के रूप में कक्षाएँ उपलब्ध कराना।
3. विद्यालय को शिक्षा के लिए बेहतर बनाना

95. प्रशासन सम्बन्धित है
(a) नीतियों का निर्माण (b) क्रियान्वयन
(c) मूल्यांकन (d) उपरोक्त सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (d) : प्रशासन का सम्बन्ध है–
1. नीतियों का निर्माण
2. क्रियान्वयन
3. मूल्यांकन

96. उच्च शिक्षा का सर्वाधिक वांछित परिणाम है
(a) उच्च स्तर के चिन्तन कौशल की प्राप्ति
(b) व्यक्ति का प्रशिक्षण
(c) ज्ञान की प्राप्ति
(d) अकादमिक उपलब्धि में वृद्धि
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (a) : उच्च शिक्षा का सर्वाधिक वांछित परिणाम उच्च स्तर के चिंतन कौशल की प्राप्ति करना है।

97. निम्न में से एक मूल्यांकन प्रणाली की आवश्यक विशेषता नहीं है–
(a) यह प्रबंधकीय प्रक्रिया का हिस्सा नहीं होना चाहिए
(b) यह कुछ कैरियर के विकास और प्रगति के साथ जोड़ा जाना चाहिए
(c) यह सहज ज्ञान की समस्याओं को उठाने और हल करने में सक्षम होना चाहिए
(d) (a) और (b) दोनों
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (b) : मूल्यांकन प्रणाली की विशेषताएँ–
1. यह कुछ कैरियर के विकास और प्रगति के साथ जोड़ा जाना चाहिए।
2. मूल्यांकन शिक्षक की प्रभावशीलता को इंगित करता है।
3. यह शिक्षण के उद्देश्यों को स्पष्ट करता है।
4. यह छात्रों को अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करता है।

98. भारतीय शिक्षा आयोग (1882) ने भारत सरकार से सिफारिश की थी कि
(a) उच्च शिक्षा के संस्थानों के प्रबंधन का अधिकार केंद्र स्थल
(b) व्यावसायिक और चिकित्सा शिक्षा में विद्यार्थी के लिए अलग जवाब
(c) (a) और (b) दोनों
(d) उच्च शिक्षा संस्थानों के समर्थन और प्रबंधन से धीरे–धीरे वापस लेने के लिए
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (c) : भारतीय शिक्षा आयोग (1882) ने भारत सरकार से सिफारिश की थी कि–
1. उच्च शिक्षा के संस्थानों के प्रबंधन का अधिकार केन्द्रस्थल
2. व्यावसायिक और चिकित्सा शिक्षा में विद्यार्थी के लिए अलग जवाब

99. छात्र के भावात्मक पक्ष पर सर्वाधिक प्रत्यक्ष प्रभाव डालनेवाली शिक्षण विधियाँ हैं–
(a) परिचर्चा व संवाद (b) रोल प्ले व अनुरूपण
(c) प्रश्नोत्तर व निरीक्षण (d) व्याख्यान व प्रदर्शन
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (b) : छात्र के भावात्मक पक्ष पर सर्वाधिक प्रत्यक्ष डालने वाली शिक्षण विधियाँ–1. रोल प्ले, 2. अनुरूपण, 3. क्रीडन/खेल विधि

100. पर्यवेक्षण क्या है?
(a) सलाह देना (b) सहायता करना
(c) सुधार करना (d) उपरोक्त सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (d) : पर्यवेक्षण एक प्रकार की प्रजातांत्रिक प्रक्रिया या विशिष्ट सेवा है जिसमें सौहार्दपूर्ण वातावरण में शिक्षण अधिगम विधियों में आवश्यक व वांछित सुधार के लिए सुझाव, सहायता, सलाह एवं निर्देश दिए जाते हैं।

101. वह पर्यवेक्षण जो अध्यापकों को नई अवाहनीय स्थितियों में रास्ते ढूंढ़ने व उन्हें दूर करने में सहायता करता है, वह जाना जाता है।
(a) संशोधित निरीक्षण (b) निदानात्मक निरीक्षण

(c) प्रेरणात्मक निरीक्षण (d) सृजनात्मक निरीक्षण
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (b) : निदानात्मक निरीक्षण/परीक्षण किसी विषय के समूह में छात्रों के द्वारा अर्जित ज्ञान की विशिष्टता तथा ज्ञान प्राप्ति में आ रही बाधाओं को ज्ञात करने का प्रयास करते हैं। इससे प्राप्त सूचनाओं के विस्तृत विश्लेषण से छात्रों की कमजोरियों का पता चल जाता है जिससे उनकी अधिगम प्रक्रिया में तथा अध्यापकों की शिक्षण विधि में परिवर्तन करके उपचारात्मक शिक्षण किया जा सकता है।

102. विद्यालय अभिलेखों का उपयोग किया जाता है
(a) संदर्भ हेतु (b) निर्देश प्रदान करने हेतु
(c) आयोजन हेतु (d) उपरोक्त सभी
(e) इनमें से कोई नहीं

Chhattishgarh ABEO-2013

Ans. (d) : विद्यालय अभिलेखों का उपयोग–
1. संदर्भ हेतु
2. निर्देश प्रदान करना
3. आयोजन करना
4. भविष्य के लिए योजना बनाना आदि के लिए किया जाता है।

103. निम्नांकित में से क्या विद्यालय अभिलेख का उद्देश्य नहीं है–
(a) छात्रों के विषय में महत्त्वपूर्ण सूचनाएँ प्रदान करना
(b) पाठ्यक्रम का निर्माण करना
(c) शैक्षिक कार्यक्रम का मूल्यांकन करना
- जैन धर्म में किसी सार्वभौम आत्मा अथवा ईश्वर की मान्यता नहीं है।
- यह इसलिए है क्योंकि इनके अस्तित्व को स्वीकार से नैतिक दायित्व और व्यक्तिगत प्रयास निरर्थक हो जायेंगें।
- जैन धर्म आत्मज्ञान का मार्ग अहिंसा के माध्यम से है और जितना सम्भव हो जीवित चीजों को नुकसान कम करना है।

7. **Paulo Freire's philosophy of education is considered to be stemed from:**
पाउलो फ्रेरे के शिक्षा-दर्शन की उत्पत्ति मानी जाती है–

A. Palto's ideas / प्लेटो के विचारों से
B. Procolonial thinkers
उपनिवेश समर्थक विचारकों से
C. Anticolonial thinkers
उपनिवेश-विरोधी विचारकों से
D. Modern Marxist thinkers
आधुनिक मार्क्सवादी विचारकों से
E. Educationa system that suppresses the oppressors
उस शिक्षा पद्धति से जो दमनकर्ताओं (अत्याचारियों) का दमन करती है।

Choose the correct answer from the options given below.
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(a) A & B only / केवल A और B
(b) B, C & D only / केवल B, C और D
(c) A, C & D only / केवल A, C और D
(d) C, D & E only / केवल C, D और E

NTA UGC NET/JRF June-2023

Ans. (c) : पाउलो फ्रायर ने शिक्षा के एक दर्शन का योगदान दिया। जो कि न केवल प्लेटो से बने क्लासिकल दृष्टिकोण से, बल्कि आधुनिक मार्क्सवादी और उपनिवेशवादी विचारकों से भी आया है।
पाउलो फ्रेरे एक महान चिंतक दार्शनिक तथा शिक्षक और धार्मिक विचारक के रूप में मानव व्यवहार समाज की व्यवस्था, आवश्यकता और इसाई धर्म पर अपने विचार व्यक्त किये।
- पाउलो फ्रेरे के शिक्षा दर्शन की उत्पत्ती-
- प्लेटो के विचारों से
- उपनिवेश विरोधी विचारकों से
- आधुनिक मार्क्सवादी विचारकों से मानी जाती है।

8. **Given below are two statements :**
नीचे दो कथन दिए गए हैं :

Statement I : The Samkhya theory that causation means a real transformation of the material cause into effect, it logically leads to the concept of evolution as the ultimate cause of the world of objects.

कथन-I : सांख्य सिद्धांत के अनुसार कारण-कार्य संबंध का अर्थ भौतिक कारण का प्रभाव एक वास्तविक रूपांतरण में होता है, जो भौतिक वस्तुओं के संसार के परम कारण के रूप में उद्विकास की अवधारणा का मार्ग प्रशस्त करता है।

Statement II : The second type of utlimate reality admitted by the Samkhya is the self. The existence of the self must be admittted by all.

कथन-II : सांख्य द्वारा स्वीकार किया गया परम यथार्थ का दूसरा प्रकार पुरुष (सेल्फ) है। सभी को पुरुष का अस्तित्व स्वीकार करना चाहिए।

In the light of the above statements, choose the correct answer from the options given below:
उपर्युक्त कथनों के आलोक में निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें :

(a) Both Statement I and Statement II are true.
कथन I और II दोनों सत्य हैं।
(b) Both Statement I and Statement II are false.
कथन I और II दोनों असत्य हैं।
(c) Statement I is true but Statement II is false.
कथन I सत्य है, किन्तु कथन II असत्य है।
(d) Statement I is false but Statement II is true.
कथन I असत्य है, किन्तु कथन II सत्य है।

NTA UGC NET/JRF Dec-2022 SH-II

Ans. (d) : कथन I: सांख्य सिद्धांत के अनुसार कारण कार्य संबंध का अर्थ भौतिक कारण का प्रभाव एक वास्तविक रूपांतरण में होता है, जो भौतिक वस्तुओं के संसार के परम कारण के रूप में उद्विकास की अवधारणा का मार्ग प्रशस्त करता है। सांख्या विचारधारा यह नहीं मानती कि कार्य कारण का अर्थ भौतिक कारण के प्रभाव में वास्तविक परिवर्तन है। उनका यह मानना है कि कार्यकाल दो घटनाओं के बीच का संबंध है, जहां एक घटना (कारक) दूसरे (प्रभाव) को लाती है। कारण वास्तव में प्रभाव में नहीं बदलता है।
कथन II: सांख्य द्वारा स्वीकार किया गया परम पधार्थ का दूसरा प्रकार पुरुष (सेल्फ) है। सभी को पुरुष का अस्तित्व स्वीकार करना चाहिए। सांख्या विचारधारा का मानना है कि दो प्रकार की परम वास्तविकताएँ पुरुष (आत्मा) और प्रकृति (पदार्थ) हैं। पुरुष सचेतन सिद्धांत है, जो प्रकृति से अलग है। पुरुष के अस्तित्व का अनुमान इस तथ्य से लगाया जाता है कि हमारे पास चेतना के अनुभव है। चेतना एक गैर भौतिक घटना है जिसे पदार्थ के संदर्भ में नहीं समझाया जा सकता है। अतः इस प्रकार कथन I असत्य है लेकिन कथन II सत्य है।
अतः कथन I असत्य है किन्तु कथन II सत्य है।

9. Which of the following statements are true?
निम्नलिखित में से कौन से कथन सत्य हैं?

(A) Sankhya means the Philosophy of right knowledge (Samyak khyati)
सांख्य का अर्थ है–सत्य ज्ञान (सम्यक ख्याति) का दर्शन।
(B) Sankhya is a pluralistic spiritualism and an uncompromising dualism
सांख्य अनेकवादी अध्यात्मवाद एवं एक निर्विवाद द्वैत है।
(C) Right knowledge is the knowledge of the association of the Purusha with the Prakriti
सत्य ज्ञान पुरुष का प्रकृति से संयोग का ज्ञान है।
(D) Shankaracharya regards sankhya as a main 'main opponent' of Vedanta
शंकराचार्य ने सांख्य को वेदांत का 'मुख्य विपक्षी' कहा है
(E) The view of sankhya yoga is called Prikiti-arambhavada
सांख्य योग के विचार को प्रकृति-आरम्भवाद कहा जाता है।

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B and E only / केवल A, B और E
(b) B, C and D only / केवल B, C और D
(c) A, B and D only / केवल A, B और D
(d) A, C and E only / केवल A, C और E

NTA UGC NET/JRF Dec-2022 SH-II

Ans. (c) : सत्य कथन है-
A. सांख्य का अर्थ है, सत्य ज्ञान (सम्यक ख्याति) का दर्शन)- सांख्य संस्कृत शब्द "सम्यक" से लिया गया है जिसका अर्थ सही या उचित और "रच्याति" का अर्थ ज्ञान या समझ है। सांख्य दर्शन का सम्बंध वास्तविकता के प्रकृति के सही ज्ञान और समझ को प्राप्त करने में है।
B. सांख्य अनेकवादी अध्यात्मवाद एवं निर्विवाद द्वैत है- सांख्य दर्शन अपने द्वैतवादी दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है, जो दो मूलभूत संस्थाओं पुरुष (चेतना या आत्मा) और प्रकृति (पदार्थ या प्रकृति) के अस्तित्व को दर्शाता है। यह वास्तविकता की अभिव्यक्ति में कई श्रेणियों और सिद्धांतों को भी पहचानता है।
D. शंकराचार्य ने सांख्य को वेदान्त का मुख्य विपक्षी कहा है- आदि शंकराचार्य, एक प्रमुख दार्शनिक और अद्वैतवादी वेदांत के प्रतिपादक, सांख्य दर्शन को वेदांत के मुख्य विपक्षियों में से एक मानते थे। उन्होंने अद्वैत वेदांत के वर्चस्व को स्थापित करने के लिए सांख्य दार्शनिकों के साथ वाद-विवाद और चर्चा की।

10. Select the correct 4th, 8th & 12th link in the twelve of suffering according to Bauddha Philosophy.
बौद्ध दर्शन के अनुसार दुःख की बारह कड़ियों में से चौथी, आठवीं और बारहवीं कड़ी का सही चयन कीजिये।

(a) Ignorance, six sense organs, craving
अज्ञानता, छःइंद्रिय अंग, तृष्णा
(b) Mind-body organism, craving, suffering
मन-शरीर संघटन, तृष्णा, दुःख
(c) Six sense organs, sense experience, suffering
छः इंद्रिय अंग, इन्द्रिय अनुभव, दुःख
(d) Consciousness, craving, suffering
चेतना, तृष्णा, दुःख

NTA UGC NET/JRF Dec-2022 SH-II

Ans. (b) : बौद्ध दर्शन तीन मूल सिद्धांत पर आधारित माना गया है-
1. अनीश्वरवाद 2. अनात्मवाद 3. क्षणिकवाद।
यह दर्शन पूरी तरह से यथार्थ में जीने की शिक्षा देता है।
बौद्ध दर्शन के अनुसार दुःख की बारह कड़ियाँ बौद्ध अवधारणाएँ हैं जो जन्म, मृत्यु और पुनर्जन्म के चक्र का वर्णन करती है।

(i) अविद्या	(ii) संस्कार	(iii) चेतना
(iv) नामरूप	(v) छः ज्ञानेन्द्रियाँ	(vi) संपर्क
(vii) अनुभूति	(viii) तीव्र इच्छा	(ix) उपदान
(x) भव (बनना)	(xi) जाति (जन्म)	

(xii) जरामरण (उम्र बढ़ना और मृत्यु)
बारह कड़ियों को अक्सर एक चक्र के रूप में चित्रित किया जाता है, केन्द्र में अज्ञानता और बाहरी किनारों पर पीड़ा होती है। पहिया अस्तित्व की चक्रीय प्रकृति का प्रतिनिधित्व करने के लिए है।

(i) **चौथी कड़ी-** नामरूप, मन, शरीर, जीव, भौतिक शरीर और मन को संदर्भित करती है। मन, शरीर, जीव, अज्ञान और संस्कार के संयोजन का परिणाम है।
(ii) **आठवीं कड़ी-** तीव्र इच्छा, नश्वर, असंतुष्ट वस्तुओं की इच्छा को संदर्भित करती है, स्वयं को नहीं। तीव्र इच्छा सम्पर्क और भावना का परिणाम है।
(iii) **बारहवीं कड़ी-** पीड़ा इच्छा के कारण होने वाले दर्द और असंतोष को संदर्भित करती है। दुःख, उपदान, भाव, जाति और जरामरण का परिणाम है।

11. Which of the following Indian School of Philosophy does NOT reject Vedic Authority?
दर्शनशास्त्र के निम्नलिखित भारतीय समुदायों में से कौन वैदिक प्राधिकार को निरस्त नहीं करता है?

(a) Carvaka Philosophy / चार्वाक दर्शन
(b) Bauddha Philosophy / बौद्ध दर्शन
(c) Sankhya Philosophy / सांख्य दर्शन
(d) Jaina Philosophy / जैन दर्शन

NTA UGC NET/JRF Dec-2022 SH-II

Ans. (c) : सांख्य दर्शनशास्त्र एक द्वैतवादी विचारधारा है जो मानता है कि दुनिया दो तत्वों, पदार्थों और आत्मा से बनी है। वे ईश्वर, आत्मा और वेदों के अस्तित्व को स्वीकार करते हैं। सांख्य मानते हैं कि दुनिया दो शाश्वत पदार्थों पुरुष (आत्मा) और प्रकृति (पदार्थ) से बनी है। उनका मानना है कि पुरुष चेतन सिद्धांत है जो ब्रह्मांड को अनुप्रमाणित करता है और प्रकृति अचेतन सिद्धांत है जो ब्रह्मांड के लिए सामग्री प्रदान करता है। सांख्य मानते हैं कि वेद ज्ञान का एक विश्वसनीय स्रोत है क्योंकि वे कारण और अनुभव पर आधारित है। सांख्य मानते हैं कि आत्मा एक पुरुष है जो जन्म और मृत्यु के चक्र में फंसा हुआ है। उनका मानना है कि जीवन का लक्ष्य जन्म और मृत्यु के चक्र से मोक्ष या मुक्ति प्राप्त करना है।
दर्शन के अन्य तीन विद्यालय चार्वाक, बौद्ध और जैन सभी वैदिक प्राधिकार को निरस्त करते हैं।
बौद्ध दर्शन- बौद्ध दर्शनशास्त्र एक गैर-ईश्वरवादी विचारधारा है जो मान्यता है कि दुनिया एक भ्रम है। वे ईश्वर, आत्मा और वेदों के अस्तित्व को अस्वीकार करते हैं।
जैन दर्शन- जैन दर्शनशास्त्र एक गैर-ईश्वरवादी विचारधारा है जो कई आत्माओं के अस्तित्व में विश्वास करती है। वे ईश्वर के अस्तित्व को अस्वीकार करते हैं, लेकिन वे वेदों को ज्ञान के स्रोत के रूप में स्वीकार करते हैं।
चार्वाक दर्शन- चार्वाक दर्शनशास्त्र एक भौतिकवादी विचारधारा है जो मान्यता है कि केवल एक चीज मौजूद है वह पदार्थ है। वे ईश्वर, आत्मा और वेदों के अस्तित्व को स्वीकार करते हैं।

12. Sequence the last Five paths to liberation according to Buddha philosophy.
बौद्ध दर्शन के अनुसार मुक्ति के अंतिम पांच मार्ग को क्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए-

A. Right Concentration (SamyakSamadhi)
सम्यक् समाधि
B. Right Effort (Samyak Vyayama)
सम्यक् व्यायाम
C. Right mindfulness (SamyakSmrti)
सम्यक् स्मृति
D. Right livelihood (SamyakAjiva)
सम्यक् जीव
E. Right conduct (SamyakKarmanta)
सम्यक् कर्मणता

Choose the correct answer from the options given below:
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर का चयन कीजिए-

(a) E, C, D, B, A
(b) E, B, D, C, A
(c) E, D, B, C, A
(d) B, D, A, C, E

NTA UGC NET/JRF DEC 2022 Shift-I

Ans. (c) : बौद्ध दर्शन के अनुसार मुक्ति के अंतिम पांच मार्ग को क्रमानुसार व्यवस्थित है-
E. सम्यक् कर्मणता- इसका अर्थ है इस तरह से व्यवहार करना जो नैतिक और करुणामय हो। इसमें दूसरों को नुकसान पहुँचाने से बचाना, चोरी करना, झूठ बोलना, यौन दुराचार और नशीले पदार्थों का सेवन करना शामिल है।
D. सम्यक् जीव- इसका अर्थ है इस तरह से जीविकोपार्जन करना जो नैतिक हो और दूसरों को नुकसान न पहुँचाए।
B. सम्यक् व्यायाम-इसका अर्थ है नकारात्मक विचारों और भावनाओं को काबू पाने और सकारात्मक भावनाओं को विकसित करने का प्रयास करना।
C. सम्यक् स्मृति- इसका अर्थ है बिना निर्णय के वर्तमान क्षण और अपने विचारों, भावनाओं और संवेदनाओं के बारे में जागरूक होना।
A. सम्यक् समाधि- इसका अर्थ है गहरी एकाग्रता और शांति की स्थिति प्राप्त करना।

13. Which of the following Indian School of Philosophy rejects the Vedic Authority?
निम्नलिखित में से दर्शन शास्त्र का कौन-सा भारतीय सम्प्रदाय, वैदिक प्राधिकार को नहीं मानता?

(a) Samkhya Philosophy/सांख्य दर्शन
(b) Nyaya Philosophy/न्याय दर्शन
(c) Charvaka Philosophy/चार्वाक दर्शन
(d) Vaisesika Philosophy/वैशेषिक दर्शन

NTA UGC NET/JRF DEC 2022 Shift-I

Ans. (c) :

क्र.सं.	ऑर्थोडॉक्स स्कूल ऑफ इंडियन फिलॉसफी	भारतीय दर्शन शास्त्र के तीन हेटरोडॉक्स स्कूल	अन्य
1.	सांख्य दर्शन	चार्वाक	अजीविका दर्शन
2.	योग दर्शन	बौद्ध	इस्लाम फिलॉसफी
3.	न्याय दर्शन	जैन	
4.	वैशेषिक दर्शन		
5.	पूर्व-मीमांसा		
6.	उत्तर-मीमांसा		

सांख्य दर्शन ने न्याय और वैशेषिक के लिए भौतिकवादी तत्वमीमांसा प्रदान की है, लेकिन सांख्य दर्शन पर आधारित मूल साहित्य बहुत कम है। आमतौर पर यह माना जाता है, कि सांख्य दर्शन द्वैतवादी है न कि अद्वैतवादी क्योंकि इसमें दो संस्थाएं हैं, पुरुष (आत्मा) और प्रकृति (प्रकृति)। सांख्य एकाग्रता और ध्यान के माध्यम से स्वयं के ज्ञान की प्राप्ति पर जोर देता है।
सांख्य दर्शन का मानना है कि यह आत्म-ज्ञान है,जो मुक्ति की ओर जाता है न कि कोई बाह्य प्रभाव या कारक। सांख्य वेग के लिए दार्शनिक आधार बनाता है। सांख्य में, उच्च आत्म,

व्यक्तिगत आत्म और हमारे आस-पास के ब्रह्मांड के बीच अंतरसंबंध के ज्ञान को सांख्यकारिका में व्यक्त किया गया है। सांख्यकारिका, सांख्य दर्शन के उपलब्ध ग्रन्थों में सबसे प्राचीन एवं बहुत ही महत्वपूर्ण प्रकरण ग्रंथ है, जिसने अत्यधिक लोकप्रियता प्राप्त की है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि सांख्य दर्शन वेदांत दर्शन के ज्ञान को नहीं मानता।

14. ''दर्शन एवं शिक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू है''। यह किसने कहा है?

अथवा

किसने कहा ''दर्शन और शिक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू है''?

(a) जॉन एडम्स ने (b) जेण्टाइल ने
(c) रॉस ने (d) फिक्टे ने

UP PGT 2005
UPPSC GDC Asst. Prof. 2019

Ans. (c) रॉस महोदय के अनुसार, ''दर्शन और शिक्षा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं जो एक ही वस्तु के विभिन्न दृष्टिकोण को प्रस्तुत करते हैं वे एक दूसरे पर अर्न्तनिहित हैं।।''

15. निम्न में से कौन सा दर्शन वेदों में विश्वास नहीं करता?

(a) बौद्ध दर्शन (b) जैन दर्शन
(c) चार्वाक दर्शन (d) ये सभी

UPPSC GDC Asst. Prof. 2019

Ans. (d) : नास्तिक एवं आस्तिक दर्शन का अन्तर इस आधार पर किया जाता है कि जो दर्शन वेदों में विश्वास करते है, उसे आस्तिक दर्शन कहते हैं तथा जो नही करते हैं वे नास्तिक दर्शन कहलाते है। दिये गये विकल्प में सभी बौद्ध दर्शन, जैन दर्शन, चर्वाक दर्शन, वेदो में विश्वास नही करते हैं। अतः ये सब नास्तिक दर्शन है।

16. सांख्य दर्शन में 'प्रकृति' है

(a) अचेतन व सक्रिय (b) चेतन व निष्क्रिय
(c) चेतन व स्वतंत्र (d) अचेतन व आश्रित

UPPSC GDC Asst. Prof. 2019

Ans. (a) : साख्य दर्शन की सबसे प्रमुख धारणा, सृष्टि के प्रकृति पुरुष से बनी है, इस दर्शन में प्रकृति (यानि पंचमहाभूतों से बनी) जड़ अथवा अचेतन है तथा सक्रिय है, जबकि पुरुष चेतन तथा निष्क्रिय हैं।

17. तत्त्वमीमांसा का तात्पर्य है

(a) परम सत्य की खोज
(b) संसार की प्रकृति की जानकारी
(c) शाश्वत मूल्यों का अध्ययन
(d) ज्ञान की खोज

UPPSC GDC Asst. Prof. 2012

Ans. (b) तत्त्वमीमांसा को अंग्रेजी में मेटा फिजिस्क कहा जाता है। तत्त्वमीमांसा में यथार्थ की खोज की जाती है, आत्मा, परमात्मा जीव जगत के अस्तित्व के बारे में जानकारी अर्जित की जाती है। इसका आशय प्रकृति से परे, इस प्रकार तत्त्वमीमांसा में प्रकृति से परे चीजो के अस्तित्व के बारे में अन्वेषण किया जाता है।

18. तत्त्वमीमांसा का अर्थ है

(a) भौतिकी की एक शाखा
(b) धातुओं की भौतिकी
(c) अन्तिम यथार्थ की प्रकृति जानने का प्रयास
(d) मौसम की भौतिकी

UPPSC GIC Pravkta 2012
UGC NET/JRT Dec. 2013 Paper-II

Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

19. तत्त्वमीमांसा का सम्बन्ध है:

(a) सत्यता से (b) सौन्दर्य से
(c) यथार्थ से (d) नीति से

UPPSC GDC Pravkta 2008

Ans. (b) : तत्त्वमीमांसा दर्शनशास्त्र की वह शाखा है, जो ब्राह्माण्ड के परम तत्त्व, ईश्वर की खोज करते हुये उसके परम स्वरूप का विवेचन करती है। इसका प्रमुख विषय सृष्टि-सृष्टा, आत्मा-परमात्मा, जीव-जगत एवं जन्म-मरण की व्याख्या के साथ-साथ वास्तविक सौन्दर्य की भी विवेचना करता है।

20. दर्शन में तर्क का अर्थ है

(a) एक विश्वास के लिये प्रमाण देना।
(b) केवल शोर करना।
(c) सहमति बनाने के लिये मौखिक प्रयास
(d) व्यक्तियों के बीच एक तथ्यात्मक असहमति

UPPSC GDC Asst. Prof. 2012

Ans. (a) दर्शन में तर्क का अर्थ एक विश्वास के लिए प्रमाण देना होता है। काम्टे के अनुसार 'दर्शन विज्ञानों का विज्ञान' है।

21. किस शिक्षा दर्शन ने अनुभव एवं प्रयोग के माध्यम से सीखने को महत्त्व दिया है?

(a) प्रयोजनवाद (b) आदर्शवाद
(c) यथार्थवाद (d) प्रकृतिवाद

UPPSC GDC Asst. Prof. 2012

Ans. (a) प्रयोजनवाद का सारा जोर क्रिया पर है, वह छात्रों द्वारा क्रिया करके अनुभव प्राप्त करने पर बल देता है इसका यह भी कहना है कि छात्र जो कुछ सीखे वह स्वयं के प्रयास से सीखे क्योंकि इससे ही नवीन विचारो का उदय होगा।

22. भारतीय दर्शन में सर्वाधिक वैरागी मत है

(a) बौद्ध (b) जैन (c) वेदान्त (d) सांख्या

UPPSC GIC Pravkta 2012

Ans. (b) भारतीय दर्शन में सर्वाधिक बैरागी मत जैन दर्शन का है।

23. शिक्षा दर्शन किस प्रश्नों का उत्तर देता है?

(a) आध्यात्मिक प्रश्न (b) सांसारिक प्रश्न
(c) मानव विकास प्रश्न (d) तार्किक प्रश्न

UPPSC GDC Asst. Prof. 2017

Ans. (c) : शिक्षा दर्शन मानव विकास प्रश्नों का उत्तर देता है। शिक्षा और दर्शन में गहरा सम्बन्ध है। शैक्षिक समस्या के प्रत्येक क्षेत्र में उस विषय के दार्शनिक आधार पर आवश्यकता अनुभव की जाती है। ''दर्शन के अभाव में शिक्षण कला कभी भी पूर्ण स्पष्टता नहीं प्राप्त कर सकती। दोनों के बीच अनेक अन्योन्य क्रिया चलती रहती है और एक के बिना दूसरा अपूर्ण तथा अनुपयोगी है।''

24. निम्न में से किस आधार पर पाठ्यचर्या उददेश्यों का निर्माण किया जाता है–

(a) तत्व मीमांसा (b) ज्ञान मीमांसा
(c) मूल्य मीमांसा (d) सत्व मीमांसा

UPPSC GDC Asst. Prof. 2017

Ans. (b) : ज्ञान मीमांसा दर्शन की एक शाखा है। ज्ञान मीमांसा ज्ञान, ज्ञाता और ज्ञेय का सम्बन्ध है। ज्ञान मीमांसा के आधार पर पाठ्यचर्या उददेश्यों का निर्माण किया जाता है।

25. कौन सी अवधारणा जैन दर्शन से संबंधित नहीं है?

(a) निर्वाण (b) समिति (c) निर्झर (d) मोक्ष

UPPSC GDC Pravkta 2012

Ans. (c) : निर्झर की अवधारणा जैन दर्शन से सम्बन्धित नहीं है।

26. किसने कहा ''शिक्षा एक त्रिकोणीय प्रक्रिया है?''

(a) जॉन लॉक (b) जॉन डी.वी.

(c) पेस्टालॉजी (d) इनमें से कोई नहीं

UPPSC GDC Asst. Prof. 2013

Ans. (b) ''शिक्षा द्विध्रुवीय प्रक्रिया है'' एडम्स
''शिक्षा एक त्रिकोणीय प्रक्रिया है'' जान डीवी

27. हरबर्ट स्पेन्सर के अनुसार शिक्षा का उद्देश्य है :

(a) मोक्ष

(b) ज्ञान-प्राप्ति

(c) पूर्ण जीवन-निर्वाह

(d) अपने पूर्वजों की गलतियों को सुधारना

UP PGT 2002

Ans. (b) जर्मन शिक्षाशास्त्री हरबर्ट स्पेन्सर के अनुसार शिक्षा वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा सद्गुणों की तथा ज्ञान की प्राप्ति होती हैं।

28. ''निषेधात्मक शिक्षा'' का प्रत्यय सम्बन्धित है-

(a) अरस्तू से (b) कमेनियस से

(c) सुकरात से (d) रूसो से

UP PGT 2013

Ans. (d) रूसों के अनुसार, वह ज्ञान अथवा क्रिया जिसे बच्चे स्वयं करके स्वयं के अनुभवों से सीखते हैं, वह स्थायी होता है। इसे रूसों ने निषेधात्मक या नकारात्मक शिक्षा की संज्ञा दी।

29. ''प्रत्येक कला का उद्देश्य कोई-न-कोई भलाई ही हुआ करता है।''- यह कथन किसका है?

(a) टी.पी. नन का (b) रॉस का

(c) अरस्तू का (d) रूसो का

UP PGT 2002

Ans. (a) टी.पी. नन के अनुसार, ''प्रत्येक कला का उद्देश्य कोई न कोई भलाई ही हुआ करता है।''

30. ''पर्यवेक्षण विद्यालय व्यवस्था में सुधार करने हेतु एक सुनियोजित कार्यक्रम है।'' यह कहा गया हैः

(a) एडम्स द्वारा (b) रॉस द्वारा

(c) रायबर्न द्वारा (d) एस. ए. मुखर्जी द्वारा

UKPSC GDC 2017

Ans. (a) : पर्यवेक्षण विद्यालय व्यवस्था में सुधार करने हेतु एक सुनियोजित कार्यक्रम है। यह कथन एडम्स द्वारा दिया गया है।

31. निम्न में कौन दार्शनिक विश्लेषण की विधि नही है?

(a) मनन (b) संश्लेषण

(c) विश्लेषण (d) अवलोकन

UPPSC GDC Asst. Prof. 2013

Ans. (d) मनन, संश्लेषण और विश्लेषण दार्शनिक विश्लेषण की विधि है, जबकि अवलोकन विश्लेषण की विधि नहीं, इस विधि में, घटना को देखा जाता है, विश्लेषण नहीं किया जाता है।

32. प्रोग्रेसिव स्कूल को किसने स्थापित किया था?

(a) पीयर्स ने (b) जॉन डी.वी ने

(c) जॉन शिलर ने (d) जेम्स ने

UPPSC GDC Asst. Prof. 2013

Ans. (b) जॉन डीवी ने प्रोग्रेसिव स्कूल की स्थापना की। जॉन डीवी ने, सामाजिक समस्याओ को प्रायोगिक विधि से समाधान पर बल दिया। उन्होंने अनुभवों के पुनर्रचना को ही ज्ञान बताया।

33. निम्न में से कौन शिक्षा और दर्शन के मध्य सम्बन्ध को सही ढंग से व्यक्त करता है

(a) शिक्षा लक्ष्य है और दर्शन साधन है।

(b) लक्ष्य तक पहुँचने के लिए शिक्षा साध्यता प्रदान करती है जबकि दर्शन लक्ष्य निर्धारित करता है।

(c) शिक्षा तथा दर्शन दोनों स्वतन्त्र अनुशासन हैं।

(d) शिक्षा, दर्शन का आधार है।

UPPSC DIET Pravakta 2014

Ans.(b) : शिक्षा लक्ष्य तक पहुँचने में साध्यता का कार्य करती है जबकि दर्शन लक्ष्य निर्धारित करता है।

34. वह विचारक जिन्होंने ''शिक्षा'' को प्राथमिक और 'दर्शन' को व्युत्पन्न के रूप में मानते हैं :

(a) जीन जेक्वस रूसो (b) जॉन डिवी

(c) बर्ट्रेंड रसेल (d) कार्ल मार्क्स

UGC NET/JRF Dec 2015 (Paper-III)

Ans. (b) जॉन डीवी ने शिक्षा तथा दर्शन को एक दूसरे का पूरक मानते हुये कहा है कि दर्शन अपने सिद्धान्तों का प्रकटन शिक्षा के माध्यम से करता है, बिना शिक्षा के दर्शन का प्रकटन नहीं किया जा सकता है।

35. भारतीय दर्शन की परम्पराओं में दो मूलभूत विभाजन हैं

अथवा

भारतीय दर्शन के समर्थकों (स्कूलों) में दो मूलभूत विभाजन हैं

(a) वेदान्त और बौद्ध

(b) अद्वैत और द्वैत

(c) आस्तिक और नास्तिक

(d) कट्टरवादी और अशास्त्रीय

UPPSC GIC Pravkta 2012
UGC NET/JRF Dec 2013 (Paper-II)

Ans. (c) भारतीय दर्शन में दो मूलभूत विभाजन हुए आस्तिक एवं नास्तिक। आस्तिक दर्शन उसे कहा जाता है, जो वेदों को मानते हैं तथा नास्तिक दर्शन उन्हें कहा जता है जो वेदों को नही मानते हैं।

36. ज्ञान मीमांसा का अर्थ है

(a) स्टेम सेल पर शोध

(b) ज्ञान की प्रकृति का अध्ययन

(c) मूल्यों की प्रकृति का अध्ययन

(d) संसार की प्रकृति का अध्ययन

UPPSC GIC Pravkta 2012
UGC NET/JRF Dec 2013 (Paper-II)

Ans. (b) ज्ञान मीमांसा को अंग्रेजी में एथिस्टेमालाजी कहा जाता है। इसका अर्थ है, ज्ञान या जानना। इसके अन्तर्गत ज्ञान क्या है, इसकी उत्पत्ति कैसे होती है, ज्ञान प्रप्ति के साधन क्या है, इत्यादि पर विचार किया जाता है।

37. सर जॉन एडम्स कहा करते थे

(a) शिक्षा दर्शन का गत्यात्मक पक्ष है।

(b) शिक्ष और दर्शन में कोई सम्बन्ध नहीं है

(c) शिक्षा और दर्शन एक ही सिक्के के दो पहलू है।

(d) शिक्षा दर्शन के अधीन है।

UPPSC GIC Pravkta 2012

Ans. (a) एडम्स का कथन है कि, 'शिक्षा दर्शन का गत्यात्मक पक्ष है, यह दार्शनिक विश्वास का क्रियाशील पक्ष और जीवन के उददेश्यों को प्राप्त करने का व्यवहारिक साधन है'।

38. ''विद्यालय समाज का लघुरूप है'' किसने कहा था?

(a) ओटावे (b) थाम्पसन

(c) ब्राउन (d) जॉन डीवी

UP PGT 2016

Ans. (d) : विद्यालय समाज का लघुरूप है यह कथन जॉन डीवी का है। इन्होंने स्पष्ट कहा है कि, ''आज के विद्यालय शिक्षा देने में इसलिए असफल है, क्योंकि वे सामाजिक रूप नहीं ग्रहण कर पाये जाते हैं। उन्हें समाज का लक्ष्य पूरा करने के लिए समाज का लघु रूप ग्रहण करना होगा।''

39. किसका कथन है, ''शिक्षा दर्शन का गत्यात्मक पहलू है''?

(a) हरबर्ट का (b) डीवी का
(c) एडम्स का (d) प्लेटो का

UP PGT 2016

Ans. (c) : एडम्स के अनुसार ''शिक्षा, दर्शन का गत्यात्मक पहलू है।'' दूसरे शब्दों में शिक्षा दर्शन द्वारा प्राप्त मूल्यों, आदर्शों, विश्वासों आदि को व्यवहार में लाती है तो दूसरी ओर दर्शन को नवचिन्तन के आधार भी देती है। व्यावहारिक जीवन में भाँति-भाँति की समस्यायें उत्पन्न होती है। जिनके समाधान के लिए दार्शनिक चिन्तन करते हैं।

40. ''दर्शन का गत्यात्मक पहलू शिक्षा है।'' इस कथन का सम्बन्ध है :

(a) जेम्स रॉस से (b) जॉन एडम्स से
(c) जॉन डीवी से (d) फ्रोबेल से

UGC NET/JRF June 2008

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

41. दर्शन शिक्षा के लिए कार्य करता है–

(a) निर्देशक के रूप में (b) निगरानी कर्ता के रूप में
(c) मित्र के रूप में (d) नियंत्रक के रूप में

UP PGT 2016

Ans. (a) : शिक्षा मानव जीवन का एक अनिवार्य अंग है शिक्षा की विविधि समस्याओं के समाधान में दर्शन महत्वपूर्ण सहायता करता है। वास्तव में दर्शन की मदद के बिना शिक्षा का उद्देश्य, पाठ्यक्रम, अनुशासन का स्वरूप निश्चित नही किया जा सकता है। दर्शन परिपक्व चिंतन एवं स्पष्ट विचार को मूर्त रूप देकर शिक्षण की कला को भी उत्कृष्ट बनाती है।

42. बच्चे की मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों की ओर आकृष्ट कराने वाला प्रथम पथ प्रदर्शक निम्नलिखित में से कौन था?

(a) रवीन्द्र नाथ टैगोर (b) पैस्टालॉजी
(c) अरस्तू (d) रूसो

UP PGT 2013

Ans. (c) बच्चों की मनोवैज्ञानिक प्रवृत्तियों की ओर आकृष्ट करने वाला प्रथम पथ प्रदर्शक 'अरस्तू' थे।

43. एमील के लेखक हैं :
अथवा
'एमिल' नामक पुस्तक के लेखक कौन थे?

(a) प्लेटो (b) हरबर्ट स्पेन्सर
(c) रूसो (d) सुकरात

UP PGT 2009, 2021
UPPSC DIET Pravakta 2014
UGC NET/JRF June 2006

Ans. (c) एमील या शिक्षा पर (ऑन एजुकेशन) रूसो द्वारा लिखित शिक्षा की प्रकृति और मनुष्य पर एक पुस्तक है, जो इसे ''सर्वश्रेष्ठ और सबसे महत्वपूर्ण'' मानते थे। उनके सभी लेखन ''प्रोफेशन ऑफ फेथ ऑफ द सेवॉयर्ड विकर'' नामक पुस्तक के एक भाग के कारण, एमील को पेरिस और जेनेवा में प्रतिबंधित कर दिया गया था। रूसो के अन्य लेखन कार्य–

1. असमानता की उत्पत्ति पर प्रवचन (1755)
2. सामाजिक अनुबंध (1762)
3. द न्यू इलोइस (1761)
4. एमील या शिक्षा पर (1762)
5. स्वीकारोक्ति (1782-1789)

44. 'एमील' क्या है?

(a) एक ऐतिहासिक व्यक्ति का नाम
(b) एक शिक्षक का नाम
(c) एक ग्रन्थ का नाम
(d) एक शिक्षा योजना का

UP PGT 2004

Ans. (c) 'एमील'रूसो द्वारा रचित एक पुस्तक का नाम है। रूसो एक प्रकृतिवादी शिक्षाशास्त्री था।

45. महर्षि पतंजलि ने पांच प्रकार की चित्तवृत्ति का उल्लेख किया है। उन्हें क्रमवार सुव्यवस्थित करें।

A. हमें चीजों के वास्तविक ज्ञान प्राप्त करने के योग्य बनाता है।
B. स्मृति धारित विषय को याद करना।
C. स्वप्न में कोई वस्तु उपस्थित नहीं होती है, उपस्थित प्रतीत होती है
D. जो संबंधित वस्तु की अनुपस्थिति में शब्दों पर निर्भर करता है।
E. असत्य ज्ञान व्यक्ति को किसी वस्तु या स्थिति की सही जानकारी प्राप्त नहीं करने देता।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चनें:

(a) A, B, C, D, E (b) A, E, C, D, B
(c) A, D, E, C, B (d) C, D, B, A, E

NTA UGC NET/JRF Dec 2020 (03-12-2021) Shift-II

Ans. (b): महर्षि पतन्जलि प्राचीन भारत के एक मुनि थे। जिन्हे संस्कृत के अनेक महत्वपूर्ण ग्रन्थों का रचयिता माना जाता है। इनमें योगसूत्र उनकी महानतम रचना है, जो योगदर्शन का मूलग्रन्थ है। महर्षि पतंजलि ने पाँच प्रकार की चित्तवृत्ति का उल्लेख किया है, जो कि क्रमानुसार है-

- हमें चीजों के वास्तविक ज्ञान प्राप्त करने के योग्य बनाता है।
- असत्य ज्ञान व्यक्ति को किसी वस्तु या स्थिति की सही जानकारी प्राप्त नहीं करने देता।
- स्वप्न में कोई वस्तु उपस्थित नहीं होती है, उपस्थित प्रतीत होती है।
- जो सम्बन्धित वस्तु की अनुपस्थिति में शब्दों पर निर्भर करता है।
- स्मृति धारित विषय को याद कराना।

46. निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

A. सांख्य के अनुसार पुरुष और प्रकृति दोनों असीमित और बाह्य हैं
B. उपनिषद अज्ञान को दूर करता है और मुक्तिकामी व्यक्ति को ईश्वर के समीप ले जाता है तथा जीवन-मृत्यु के बंधन से मुक्त करता है।
C. कैन प्रमुख उपनिषदों में से एक है।
D. शंकराचार्य ने गीता के भक्तियोग का समर्थन किया है।
E. महायान के अनुसार व्यक्ति को अपने उद्धार के लिए प्रयास करना चाहिए।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:

(a) केवल A, B और D (b) केवल B, C और E
(c) केवल A, B और C (d) केवल B, C और D

NTA UGC NET/JRF Dec 2020 (03-12-2021) Shift-II

Ans. (c) : सांख्य भारतीय दर्शन का एक द्वैतवादी आस्तिक विद्यालय हैं, वास्तविकता और मानवीय अनुभव के सम्बन्ध में दो स्वतन्त्र परम सिद्धान्तों पर सांख्य नियम आधारित है। जो कि निम्नलिखित है।

I. सांख्य के अनुसार पुरूष और प्रकृति दोनों असीमित और बाह्य है।
II. उपनिषद अज्ञान को दूर करता है और मुक्तिकामी व्यक्ति को ईश्वर से मुक्त करता है।
III. कैन प्रमुख उपनिषदों में से एक है।

47. अष्टांग योग के अनुसार निम्नलिखित का सही क्रम क्या है:

A. नियम
B. आसन
C. ध्यान
D. प्राणायाम
E. प्रत्याहार

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

(a) A, B, D, E, C (b) A, D, B, E, C
(c) A, D, C, B, E (d) C, E, B, A, D

NTA UGC NET/JRF Dec 2020 (03-12-2021) Shift-I

Ans. (a) : महर्षि पतंजलि ने योग को 'चित्त की वृत्तियों के निरोध' (योगः चित्तवृत्ति निरोधः) के रूप में परिभाषित किया है। उन्होंने 'योगसूत्र' नाम से योगसूत्रों का एक संकलन किया, जिसमें उन्होंने पूर्ण कल्याण तथा शारीरिक, मानसिक और आत्मिक शुद्धि के लिए अष्टांग योग (आठ अंगों वाले योग) का एक मार्ग विस्तार से बताया है। अष्टांग योग के ये आठ अंग क्रमानुसार इस प्रकार है।

(1) यम (2) नियम (3) आसन (4) प्राणायाम (5) प्रत्याहार (6) धारणा (7) ध्यान (8) समाधि।

48. सूची-I में सांख्य की पच्चीस तत्वमीमांसात्मक श्रेणियाँ दी गई है और सूची-II में उसके प्रकार है:

सूची-I (प्रकार)		सूची-II (तत्तंवमीमांसात्मक श्रेणियाँ)	
(A)	केवल कारण (प्रकृति)	(i)	पुरुष
(B)	केवल प्रभाव (केवल विकृति)	(ii)	महत्, अहंकार और पाँच सूक्ष्म तन्मात्राएँ
(C)	कारण और प्रभाव दोनों (प्रकृति एवं विकृति दोनों)	(iii)	पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच गतिक अंग, मनस और पाँच महाभूत
(D)	न तो कारण व प्रभाव (न प्रकृति न विकृति)	(iv)	प्रकृति

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

	A	B	C	D
(a)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(b)	(ii)	(i)	(iv)	(iii)
(c)	(iii)	(iv)	(i)	(ii)
(d)	(i)	(ii)	(iii)	(iv)

NTA UGC NET/JRF June 2020

Ans. (a) दिये गए सूचियों का मिलान निम्नलिखित हैं–

सूची-I (प्रकार)			सूची-II (तत्तंवमीमांसात्मक श्रेणियाँ)
(A)	केवल कारण (प्रकृति)	-	प्रकृति
(B)	केवल प्रभाव (केवल विकृति)	-	पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच गतिक अंग, मनस और पाँच महाभूत
(C)	कारण और प्रभाव दोनों (प्रकृति एवं विकृति दोनों)	-	महत्, अहंकार और पाँच सूक्ष्म तन्मात्राएँ
(D)	न तो कारण व प्रभाव (न प्रकृति न विकृति)	-	पुरुष

49. सांख्य दर्शन में 'सर्ग' को माना जाता है एक :

(a) प्रयोजनमूलक प्रक्रिया (b) रेखीय प्रक्रिया
(c) यांत्रिक प्रक्रिया (d) अभिनव परिवर्तन

NTA UGC NET/JRF June 2020

Ans. (a) : सांख्य दर्शन के प्रवर्तक महर्षि कपिल को माना जाता है। इनका सबसे प्राचीन तथा प्रामणिक ग्रन्थ सांख्यकारिका है। सांख्य दर्शन में सर्ग को प्रयोजन मूलक प्रक्रिया माना जाता है। क्योंकि वे सभी प्रकृति से उत्पन्न हुई हैं। सत्व, रज, तम, को क्रमशः शुक्ल, रक्त तथा कृष्ण वर्ण का कल्पित किया गया है। इन तीनों की साम्यावस्था का नाम ही प्रकृति है। ये गुण प्रकृति के अंगभूत तत्व हैं।

50. पाठ्यक्रम की क्रियान्वितिकारी रणनीतियों के बारे में निर्णय लेने हेतु दर्शनशास्त्र की किस शाखा की प्रत्यक्ष रूप में प्रासंगिकता है?

(a) तत्वमीमांसा (b) सतामीमांसा
(c) ज्ञान-मीमांसा (d) मूल्य-मीमांसा

NTA UGC NET/JRF Dec 2019

Ans. (c) : पाठ्यक्रम की क्रियान्विति रणनीतियों के बारे में निर्णय लेने हेतु दर्शनशास्त्र की ज्ञान मीमांसा प्रासंगिक है, क्योंकि यह प्रश्नों की गहराई में जाकर गंवेषणा करता है, कि ज्ञान की वास्तविक प्रकृति क्या है, वैध है अथवा अवैध है, ज्ञान के साधन क्या हैं? इसकी विवेचना करता है इसलिए ज्ञान-मीमांसा पाठ्यक्रम से सम्बन्धित है।

51. जैन दर्शन के अनुसार, जब सम्यक् प्रज्ञा, सम्यक् शील और सम्यक् समाधि के धारण और आचरण से नवीन कार्मिक पदार्थ का आगम अवरुद्ध हो जाता है, तो यह अवस्था कहलाती है:

(a) आस्रव (b) बंध
(c) संवर (d) निर्जरा

NTA UGC NET/JRF Dec 2019

Ans. (c) : जैन दर्शन के अनुसार जब सम्यक् प्रज्ञा, सम्यक् शील, और सम्यक् समाधि के धारण और आचरण से नवीन कर्मिक पदार्थ का आगम अवरुद्ध हो जाता है तो यह अवस्था संवर कहलाती है। क्योंकि संवर जैन दर्शन के अनुसार एक तत्व है। इसका अर्थ होता है, कर्मो के आस्रव को रोकना। जैन सिद्धान्त सात तत्वों पर आधारित है, इनमे से चार तत्व आस्रव, बंध, संवर और निर्जरा हैं।

52. नीचे दिए गए दो सूची में से सूची-I प्रकृति के सर्ग का वर्णन करता है, जबकि सूचा-II सांख्य दर्शन के सदंर्भ में उनकी प्रकृति तथा प्रकार्य को इंगित करता है। दोनों सूचियों का मिलान करें।

सूची-I (प्रकृति के सर्ग)		सूची-II (स्वभाव एवं प्रकार्य)	
(A)	महत्	(i)	न तो महाभूत के गुण, न ही विभेदक और न ही प्रकार्य
(B)	अहम	(ii)	यह प्रकृति में समष्टि है, तथा ज्ञान के मनोवैज्ञानिक पक्ष का प्रकार्य है।
(C)	मन	(iii)	यह व्यक्तीकरण का सिद्धांत है, एवं इसका कार्य स्वभाव का सृजन करना है।
(D)	तन्मात्राएं	(iv)	यह एक सूक्ष्म एवं केन्द्रीय इन्द्रिय है, जो इन्द्रियानुभविक प्रदत्तों को नियत प्रत्यक्षीकरण के रूप में संश्लेषित करता है।

निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनें:

	A	B	C	D
(a)	(i)	(iv)	(iii)	(ii)
(b)	(iv)	(iii)	(ii)	(i)
(c)	(ii)	(iii)	(iv)	(i)
(d)	(iii)	(ii)	(i)	(iv)

NTA UGC NET/JRF Dec 2019

Ans. (c) : दिये गये सूचियों का मिलान निम्नलिखित है-

सूची-I (प्रकृति के सर्ग)		सूची-II (स्वभाव एवं प्रकार्य)	
(A)	महत्	-	यह प्रकृति में समष्टि है, तथा ज्ञान के मनोवैज्ञानिक पक्ष का प्रकार्य है।
(B)	अहम	-	यह व्यक्तीकरण का सिद्धांत है, एवं इसका कार्य स्वभाव का सृजन करना है।
(C)	मन	-	यह एक सूक्ष्म एवं केन्द्रीय इन्द्रिय है, जो इन्द्रियानुभविक प्रदत्तों को नियत प्रत्यक्षीकरण के रूप में संश्लेषित करता है।
(D)	तन्मात्राएं	-	न तो महाभूत के गुण, न ही विभेदक और न ही प्रकार्य

53. सांख्य में तीनों गुणों की साम्यावस्था को क्या कहा जाता है?

(a) पुरुष (b) महत्

(c) प्रकृति (d) सूक्ष्म तन्मात्र

NTA UGC NET/JRF June 2019

Ans. (c) : सांख्य दर्शन में तीनों गुणों की साम्यावस्था को प्रकृति कहा जाता है। प्रकृति त्रिगुणात्मिक है। वे तीन गुण हैं–सत्व, रज, तम इन्हीं तीन गुणों की साम्यावस्था का नाम ही प्रकृति, प्रधान या अव्यक्त है। किसी लौकिक समस्या को ईश्वर नियम न मानकर इन प्रकृतियों के तालमेल बिगड़ने और जीवों के पुरुषार्थ न करने को, कारण बताया जाता है अर्थात् सांख्य दर्शन में सृष्टि की उत्पत्ति भगवान के द्वारा न मानकर इसे त्रिगुणात्मक विकासात्मक प्रक्रिया के रूप में माना जाता है।

54. जैन दर्शन में अपरोक्ष ज्ञान है

(a) इन्द्रियजन्य ज्ञान (b) अनुमानजन्य ज्ञान

(c) सत्ता से व्युत्पन्न ज्ञान (d) अतीन्द्रिय ज्ञान

NTA UGC NET/JRF June 2019

Ans. (d): जैन दर्शन में अपरोक्ष ज्ञान अतीन्द्रिय ज्ञान है। अतीन्द्रिय ज्ञान एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी सेन्स परएप्शन की प्राप्ति में मस्तिष्क के अचेतन भाग के अन्य केन्द्र भी काम करते हैं, पर आज्ञाचक्र का उपयोग सबसे अधिक होता है।

55. आज की भारतीय सामाजिक प्रणाली में समानता और उत्कृष्टता के लक्ष्यों को निम्नलिखित में से किस दर्शन के संदर्भ में दो विपरीत ध्रुवों के रूप में नहीं देखा जा सकता ?

(a) गांधी का बुनियादी शिक्षा-दर्शन

(b) डीवी का एक लघु समाज के रूप में विद्यालय संबंधी दर्शन

(c) मोहम्मद का इस्लामिक दर्शन

(d) शंकराचार्य का वेदांत दर्शन

NTA UGC NET/JRF Dec 2018

Ans. (d) : शंकराचार्य के वेदान्त दर्शन के सन्दर्भ में समानता और उत्कृष्टता के लक्ष्यों को दो विपरीत ध्रुवों के रूप में नही देखा जा सकता है।

56. निम्नलिखित में से कौन-से कथन जैन तत्वमीमांसा को सर्वाधिक सटीक ढंग से वर्णित करते हैं? नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर का चयन कीजिए।

(i) यथार्थ प्रपंच शून्य है।

(ii) यथार्थ की प्रकृति बहुतत्व अनुप्राणित है।

(iii) बाह्य जगत् 'परम चेतना' की कृति है।

(iv) जगत् सत्य है और निर्वाण भी सत्य है।

(v) 'कर्म' वह कड़ी है जो आत्मा को शरीर से जोड़ती है।

(vi) पुद्गल और जीव पृथक् और स्वतंत्र यथार्थ है।

कूटः

(a) (iii), (iv) और (vi) (b) (i), (ii) और (iii)

(c) (i), (iii) और (v) (d) (ii), (v) और (vi)

NTA UGC NET/JRF Dec 2018

Ans. (d) : जैन तत्व मीमांसा को सर्वाधिक सटीक ढंग से वर्णन निम्न वाक्य प्रदर्शित करते हैं।

- यथार्थ की प्रकृति बहुतत्व अनुप्रमाणित है, इस मत के अनुसार जगत की अन्तिम सत्ता कोई एक तत्व नही है व ब्रहम, न प्रकृति और न ही कोई भौतिक तत्व।
- कर्म वह कड़ी है जो आत्मा को जोड़ती है, जैन दर्शन के अनुसार छात्र ही कर्मो का कर्ता तथा भोक्ता है। उसमे कर्म का सम्बन्ध आत्मा से होता है।
- पुद्गल एवं जीव पृथक यथार्थ स्वतंत्र है, अर्थात जैन दर्शन के अनुसार पुद्गल एवं जीव स्वतंत्र है।

57. निम्नलिखित में से कौन कला और हस्तशिल्प के प्रशिक्षण पर जोर देता है?

(a) इस्लाम धर्म (b) जैन धर्म

(c) बौद्ध धर्म (d) सांख्य दर्शन

UGC NET/JRF 22 July 2018 (Re Exam)

Ans. (a) : मुस्लिम शासकों ने ललित कला, हस्तकला तथा वास्तुकला जैसी व्यावसायिक शिक्षा को पर्याप्त प्रोत्साहन दिया। मुस्लिम काल में दस्तकारी, नक्काशी, जरी, मलमल, हाथी दांत, पच्चीकारी आदि कला-कौशल सम्बन्धी कार्य अत्यन्त उच्च कोटि के किये जाते थे। यद्यपि इन कलाओं की शिक्षा देने के लिए कोई औपचारिक शिक्षा संस्थाए नहीं थी, परंतु इन कलाओं में दक्ष कारीगरों के साथ काम करके छात्रगण इन कलाओं का परीक्षण प्राप्त करते थे।

58. निम्नलिखित सूचियों को सुमेलित कीजिए। सूची-I में कारण-कार्य संबंध दिए गए हैं जबकि सूची-II में सांख्य दर्शन में स्वीकृत अतीन्द्रिय सत्ता दी गई है।

सूची-I (कारण–कार्य संबंध का स्वरूप)		सूची-II (अतीन्द्रिय सत्ता)	
(A)	केवल कारण	(i)	पुरुष
(B)	केवल कार्य	(ii)	तन्मात्राएँ
(C)	केवल और कार्य दोनों	(iii)	ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिया
(D)	न कारण न कार्य	(iv)	ईश्वर
		(v)	प्रकृति

कूटः

	A	B	C	D
(a)	(v)	(ii)	(iv)	(iii)
(b)	(iv)	(i)	(v)	(iii)
(c)	(iv)	(i)	(v)	(ii)
(d)	(v)	(iii)	(ii)	(i)

UGC NET/JRF July 2018

Ans. (d) : दिये गये सूचियों का मिलान निम्नलिखित है-

सूची-I (कारण–कार्य संबंध का स्वरूप)			सूची-II (अतीन्द्रिय सत्ता)
(A)	केवल कारण	-	प्रकृति
(B)	केवल कार्य	-	ज्ञानेन्द्रिय और कर्मेन्द्रिया
(C)	केवल और कार्य दोनों	-	तन्मात्राएँ
(D)	न कारण न कार्य	-	पुरुष

59. निम्नलिखित में से किसे मनो-ऊर्जा का भण्डार गृह कहा जाता है?

(a) इदम् (b) अहम्
(c) पराअह्म (d) उपरोक्त सभी

UP PGT 2013

Ans. (a) इदम् जन्मजात प्रकृति का होता है। इसमें मुख्य रूप से व्यक्ति की प्रवृत्तियाँ, मूल वासनाऐं, तथा दमित इच्छाएँ आती हैं। यह तत्काल आनन्द प्राप्त करना चाहता है जबकि अहम् वास्तविकता से सम्बन्धित होता है और पराअहम् सामाजिक मान्यताओं, संस्कारों तथा आदर्शों से सम्बन्धित होता है।

60. 'फिलॉसफी' दो शब्दों के योग से बना है-

(a) फिलियेन +सोफिया (b) फिलो + सोफिया
(c) फि + लोसाफिया (d) फिल + ओसोफिया

UP PGT 2013

Ans. (b) दर्शन शब्द को अंग्रेजी में फिलॉसफी कहते हैं। इस शब्द की उत्पत्ति दो ग्रीक शब्दों Philos (फिलॉस) तथा Sophia (सोफिया) से हुई है। जिसका अर्थ ''ज्ञान के लिए प्रेम' है।

61. किसने कहा है-''शिक्षा एक द्विमुखी प्रक्रिया है'' :

(a) बटलर (b) बॉसिंग
(c) एडम्स (d) सुकरात

UP PGT 2000, 2011, 2013

Ans. (c) जॉन एडम्स महोदय ने शिक्षा को द्विमुखी प्रक्रिया माना है उनके अनुसार शिक्षा की प्रक्रिया शिक्षार्थी और शिक्षक के बीच चलती है। इसे हम निम्नलिखित रूप से प्रकट कर सकते हैं।

शिक्षार्थी ←(शिक्षा)→ शिक्षक

62. शिक्षा एक द्विध्रुवीय प्रक्रिया है यह किसने माना है।

(a) रॉस ने (b) एडम्स ने
(c) ड्यूीव ने (d) उपरोक्त (a) और (b) दोनों ने

UP PGT 2011

Ans. (b) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

63. ''दर्शन का गत्यात्मक पहलू शिक्षा है'' इस कथन का संबंध है-

(a) गांधी (b) जॉन एडम्स
(c) अरविंद (d) फ्रायड

UP PGT 2011

Ans. (b) जॉन एडम्स का कथन है कि ''दर्शन का गत्यात्मक पहलू शिक्षा है।'' या ''शिक्षा दर्शन का गतिशील पक्ष है। यह दार्शनिक विश्वास का सक्रिय पहूल है।'' शिक्षा कोई मृत प्रक्रिया रही है बल्कि शिक्षा दर्शन का गतिशील पक्ष है। यह परिवर्तन की जीवंत गतिशील द्विध्रुवीय प्रक्रिया है।

64. नकारात्मक शिक्षा का प्रत्यय किसने दिया :

(a) सात्रे (b) डीवी
(c) रूसो (d) पेस्टालॉजी

UP PGT 2011

Ans. (c) रूसों के अनुसार, वह ज्ञान अथवा क्रिया जिसे बच्चे स्वयं करके स्वयं के अनुभवों से सीखते हैं, वह स्थायी होता है। इसे रूसों ने निषेधात्मक या नकारात्मक शिक्षा की संज्ञा दी।

65. 'नकरात्मक शिक्षा' देन है

(a) रूसो की (b) स्पेन्सर की
(c) एडम्स की (d) बेकन की

UP PGT 2009

Ans. (a) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

66. रूसो द्वारा प्रतिपादित शिक्षा पद्धति थी :

(a) रटकर सीखना (b) पुस्तकीय ज्ञान देना
(c) क्रिया द्वारा सीखना (d) इनमें से कोई नहीं

UP PGT 2009

Ans. (c) रूसो एक प्राकृतिवादी दार्शनिक था। रूसो शिक्षा को बाल केन्द्रित बनाना चाहता था। रूसो ने ज्ञान में प्रत्यक्ष अनुभव को महत्वपूर्ण माना 'यर्थार्थ' अनुभव ही ज्ञान का साधक है, इसलिए बालक को क्रिया करके सिखाना चाहिए। शिक्षा की प्रणाली, बालकों की रूचियों और प्रवृत्तियों के अनुसार होनी चाहिए।

67. साक्षात्कार कौन सी विधि है?

(a) मध्यमान विधि (b) मूल्यांकन विधि
(c) शैक्षिक विधि (d) इनमें से कोई नहीं

UP PGT 2009

Ans. (b) साक्षात्कार किसी विद्यार्थी/बालक/व्यक्ति के विकास के मूल्यांकन की सर्वोत्तम विधि है अतः साक्षात्कार मूल्यांकन विधि के अर्न्तगत आता है।

68. 'प्रकृति की ओर लौटो' यह नारा संबंधित है?

अथवा

शिक्षा की प्रकृति की ओर वापस जाने का सिद्धांत किसने दिया था ?

(a) प्लेटो से (b) रूसो से
(c) डीवी से (d) कमेनियस से

UGC NET/JRF June 2006
UPPSC GDC Pravkta 2008
UP PGT 2009, 2011

Ans. (b) रूसो ने प्रकृतिवादी विचारधारा के अनुसार आध्यात्मिक सत्ता का खण्डन और प्रकृति की सत्ता का प्रतिपादन किया है रूसो का सबसे पहला नारा था प्रकृति की ओर लौटो। रूसो ने 'प्रकृति की ओर लौटो' का जो नारा दिया उससे यही संकेत निकलता है कि वह छात्रों को दूषित समाज से दूर गाँव की प्राकृतिक छत्र छाया में ले जाना चाहता था। वास्तव में यह 'वाद' 18वीं शताब्दी की यूरोप की समाजिक, आर्थिक, धार्मिक एवं शैक्षिक क्षेत्र में होने वाली 'क्रांति' के परिणाम स्वरूप हआ।

69. विश्व का प्रथम मुक्त विश्वविद्यालय है

(a) यू के ओ यू (b) इग्नू
(c) एफ ओ यू (d) सी आर टी यू

UP PGT 2005

Ans. (a) विश्व का प्रथम मुक्त विश्वविद्यालय यूनाइटेड किंगडम ओपन यूनिवर्सिटी था। इस विश्वविद्यालय की स्थापना सन् 1969 में अधिक से अधिक लोगों को शैक्षिक अवसर प्रदान करने की दृष्टि से की गयी थी।

70. 'निषेधात्मक शिक्षा' पर किसने बल दिया था?

(a) प्लेटो ने (b) डी वी ने
(c) रूसो ने (d) कमोनियस ने

UP PGT 2005

Ans. (c) प्रकृतिवादी विचारधारा रूसो ने शिक्षा की एक नवीन अवधारणा का प्रतिपादन किया जिसे निषेधात्मक शिक्षा के नाम से जाना गया। रूसो के समय धर्म तथा समाज स्वीकृत आदर्शों की शिक्षा प्राप्त करना प्रत्येक बालक के लिए अनिवार्य था। स्मृति तथा पुस्तकीय ज्ञान को ग्रहण करना शिक्षा का महत्वपूर्ण अंग था। रूसो के मत से यह शिक्षा बालक के स्वभाव तथा रूचि के प्रतिकूल थी। अतः उसमें ज्ञान के प्रकाश के स्थान पर अज्ञान का अंधकार उत्पन्न करती है। वास्तव में बालक की भावनाओं तथा प्राकृतिक शक्तियों का पूर्ण विकास करना ही शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य था। इसलिए रूसो कहते हैं कि बच्चे को निषेधात्मक शिक्षा देनी चाहिए जिसका तात्पर्य बालक को निष्क्रिय बना देना नहीं वरन् उसे दुर्गुणों से बचाना तथा त्रुटियों से दूर रखना है।

71. सामाजिक दक्षता का प्रत्यय दिया गया था

(a) जेम्स द्वारा (b) पीयर्स द्वारा
(c) डी वी द्वारा (d) हेगेल द्वारा

UP PGT 2005

Ans. (c) शिक्षा में सामाजिक दक्षता का प्रत्यय जॉन डीवी द्वारा प्रतिपादित किया गया था। डीवी महोदय के अनुसार वर्तमान समय में संसार के प्रगतिशील समाजों में किसी व्यक्ति की सामाजिक दक्षता और कुशलता ही उसके सामाजिक स्तरीकरण को निर्धारित करता है।

72. ''दर्शन का सम्बन्ध शैक्षिक उददेश्यों के निर्धारण से है, जबकि शिक्षा विज्ञान शैक्षिक साधनों का निर्धारण करता है।'' यह कहा गया है

(a) स्पेन्सर द्वारा (b) फिक्टे द्वारा
(c) जॉन डीवी द्वारा (d) रसेल द्वारा

UP PGT 2005

Ans. (c) ''दर्शन का सम्बन्ध शैक्षिक उददेश्यों के निर्धारण से है जबकि शिक्षा विज्ञान, शैक्षिक साधनों का निर्धारण करता है।'' यह कथन महान दर्शनशास्त्री एवं शिक्षाशास्त्री जॉन डीवी का है।

73. कर्म का सिद्धांत इस दर्शन का भिन्न अंग है

(a) केवल वेदान्त का
(b) केवल बौद्धवाद का
(c) वेदान्त तथा बौद्धवाद दोनों का
(d) न तो वेदान्त का और न ही बौद्धवाद का

UP PGT 2005

Ans. (a) कर्म के सिद्धांत को वेदान्त दर्शन में अधिक महत्व दिया गया है, इसके अनुसार मानव में व्यवहारिक जीवन के लिए व्यवहारिक कर्म चिन्त-सुधि के लिए निष्काम कर्म और ज्ञान प्राप्ति के लिए अध्ययन मनन, और निधीदध्यासन पर बल दिया गया है।

74. 'शिक्षा वैयक्तिकता का पूर्ण विकास है, जिससे कि व्यक्ति अपनी पूर्ण योग्यता के अनुसार मानव जीवन को योगदान दे सके।'' यह किसका कथन है?

(a) प्लेटो का (b) गाँधीजी का
(c) टी पी नन का (d) टैगोर का

UP PGT 2005

Ans. (c) ''शिक्षा वैयक्तिकता का पूर्ण विकास है, जिससे कि व्यक्ति अपनी पूर्ण योग्यता के अनुसार मानव जीवन को योगदान दे सके।'' यह कथन महान शिक्षाशास्त्री टी॰ पी॰ नन का है

75. ''अपने छात्र को शाब्दिक पाठ न पढ़ाओ, उसे केवल अनुभव द्वारा पढ़ाओ।'' यह किसने कहा?

(a) टी. पी. नन ने (b) रूसो ने
(c) ए. ई. टेलर ने (d) डीवी ने

UP PGT 2005

Ans. (b) रूसो के अनुसार बच्चों को स्वयं अनुभव करके सीखना चाहिए। उनके अपने शब्दों में, अपने विद्यार्थी को मौखिक पाठ न पढ़ाओं, उसे अनुभव द्वारा सीखने देना चाहिए, जब भी अवसर मिले उसे, करके सीखने दो और शब्दों द्वारा सीखने की बात तभी सोचो जब करके सीखना असंभव हो। इस प्रकार 'स्वयं करके सीखना तथा स्वानुभाव द्वारा सीखना' रूसो का दूसरा नारा था।

76. ''शिक्षा जीवन के लिए तैयारी नहीं है, अपितु यह स्वयं जीवन है।''- यह कथन किसका है?

(a) रॉस (b) किलपैट्रिक
(c) स्टीवेन्सन (d) डीवी

UP PGT 2004

Ans. (a) रॉस के अनुसार- ''शिक्षा जीवन के लिए तैयारी नहीं, अपितु यह स्वयं जीवन है।''

77. ''दर्शन की सहायता के बिना शिक्षा की प्रक्रिया सही मार्ग पर नहीं बढ़ सकती''- यह कथन हैं :

(a) स्पेन्सर का (b) जेन्टाइल का
(c) फिश्टे का (d) रूसो का

UP PGT 2004

Ans. (b) जेन्टाइल के अनुसार दर्शन की सहायता के बिना शिक्षा की प्रक्रिया सही मार्ग पर नहीं चल सकती। इसी प्रकार फिक्टे महोदय ने कहा है कि दर्शनशास्त्र की सहायता के बिना शिक्षा पूर्णता स्पष्टता को प्राप्त नहीं कर सकती।

78. ''हमारे प्रथम शिक्षक हमारे हाथ-पैर और आँख होते हैं।''- यह कथन है :

(a) रूसों का (b) लॉक का
(c) कमेनियन का (d) डार्विन का

UP PGT 2004

Ans. (b) जॉन लॉक के अनुसार हमारे प्रथम शिक्षक हमारे हाथ-पैर और आँखे होते है।

79. दर्शन का अभिप्राय है :

(a) अवलोकन करना (b) देखना

(c) चिन्तन करना (d) सत्य की खोज की खोज करना

UP PGT 2004

Ans. (c) दर्शन मनुष्य के चिन्तन की उच्चतम सीमा हैं इसमें सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड एवं मानव जीवन के वास्तविक स्वरूप सृष्टि-सृष्टा, आत्मा-परमात्मा, जीव-जगत, ज्ञान-अज्ञान और मनुष्य के मरणीय व अकरणीय कर्मों का तार्किक चिन्तन व विवेचन किया जाता है।

80. 'तत्व सिद्धान्त' का प्रतिपादन किसने किया?

(a) प्लेटो (b) डेकार्ट

(c) बर्कले (d) स्पिनोजा

UP PGT 2004

Ans. (a) किसी भी दार्शनिक चिन्तनधारा के स्वरूप को समझने के लिए हमें उसकी तत्वमीमांसा ज्ञानमीमांसा एवं आचार मीमांसा को समझना आवश्यक होता है। तत्वमीमांसा का प्रतिपादन प्लेटों ने किया था।

81. शिक्षा :

(a) दार्शनिक विश्वास का क्रियाशील रूप है

(b) दार्शनिक विश्वास का सिद्धान्त है

(c) दार्शनिक विश्वास का सिद्धान्त एवं क्रियाशील रूप दोनों हैं

(d) इनमें से कोई नहीं

UP PGT 2004

Ans. (a) दर्शन इस ब्रह्माण्ड और उसमें विद्यमान मानव जीवन की व्याख्या करता है। मनुष्य जीवन के उद्देश्य निर्धारित करता है। और यह स्पष्ट करता है। कि इन उददेश्यों की प्राप्ति कैसे की जा सकती है। शिक्षा की व प्रकिया है जिसके द्वारा हम दर्शन द्वारा निश्चित उददेश्यों को प्राप्त करते है। इस प्रकार शिक्षा दर्शन का गतिशील एवं क्रियाशील पहलू है।

82. ''जब रागात्मक प्रकृति का वेग बढ़ जाता है तभी संवेग की उत्पत्ति होती है।'' - यह कथन है :

(a) रॉस का (b) वुडवर्थ का

(c) गेट्स एवं अन्य का (d) वेलेंन्टाइन का

UP PGT 2004

Ans. (d) यह कथन वेलेन्टाइन का है। संवेग की उत्पत्ति मनोवैज्ञानिक कारणों से होती है। इसमें किसी प्रबल भावना के कारण शारिरिक परिवर्तन और निश्चित प्रकार का व्यवहार करने की प्रवृत्ति निहित होती है। वेलेन्टाइन महोदय के अनुसार 'जब रागात्मक प्रवृत्ति का वेग बढ़ जाता है। तभी संवेग की उत्पत्ति होती है।

83. ''प्रत्येक व्यक्ति की एक मूल प्रवृत्ति होती है जिसके द्वारा वह अपने आपको यह सिद्ध करना चाहता है कि वह कम-से-कम किसी एक क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं है।'' ये विचार किसके हैं?

(a) एडलर (Adler) के (b) एरिक्शन (Eikson) के

(c) स्किनर (Skinner) के (d) इनमें से किसी के नहीं

UP PGT 2003

Ans. (a) एडलर के अनुसार–''प्रत्येक व्यक्ति की एक मूल प्रवृत्ति होती है जिसके द्वारा वह अपने आपको यह सिद्ध करना चाहता है कि वह कम-से-कम किसी एक क्षेत्र में किसी से पीछे नहीं है।''

84. किण्डरगार्टन पद्धति के प्रवर्तक हैं :

(a) फ्रोबेल (b) पेस्टालोजी

(c) जॉन लॉक (d) मॉन्टेसरी

UP PGT 2003

Ans. (a) किण्डरगार्टन पद्धति के प्रवर्तक फ्रेडरिक फ्रोबेल हैं। किण्डरगार्टन जर्मन भाषा का शब्द है, जो दो शब्दों से मिलकर बना है- Kinder अर्थात 'बालक' तथा Garten अर्थात् 'उद्यान' या 'बाग'। इस प्रकार किण्डरगार्टन शब्द का अर्थ है Children's Garden अर्थात् 'बसाल उद्यान'। फ्रोबेल ने पौधे की तुलना बालक से तथा माली की शिक्षा से की है। जिस प्रकार माली उद्यान के पौधे की देखभाल करके उसकी स्वाभाविक वृद्धि में सहायता देता है, उसी प्रकार शिक्षक स्कूल में उपयुक्त वातावरण का निर्माण करके बालक के स्वाभाविक विकास में योग देता है।

85. निम्नलिखित में से किस विद्वान का कहना है कि ''खेल बालक की जन्मजात स्वाभाविक प्रवृत्ति है?

(a) स्टर्न (b) वैलण्टाइन

(c) मैक्डूगल (d) इनमें से किसी का भी नहीं

UP PGT 2003

Ans. (c) खेल एक मनोरंजन पूर्ण क्रिया है तथा इसके द्वारा हमें आत्म-प्रकाशन के अवसर प्राप्त होते हैं।
मैक्डूगल के अनुसार - 'खेल जन्मजात स्वाभाविक प्रवृत्ति है।'
स्टर्न- 'खेल एक स्वेच्छानुरूप आत्म संयम की क्रिया है।'
वैलण्टाइन - 'खेल मनोरंजन का एक प्रकार है, जो कार्य में निहित होता है।'
टी.पी.नन् - खेल रचनात्मक क्रियाओं का गहन प्रकाशन है।

86. दर्शनशास्त्र की कौन-सी शाखा शिक्षा की विधि से अधिक लक्ष्य एवं उद्देश्य को महत्व प्रदान करती है?

(a) यथार्थवाद (b) आदर्शवाद

(c) गाँधीवाद (d) मार्क्सवाद

UP PGT 2002

Ans. (b) एक शिक्षा दर्शन के रूप में आदर्शवाद शिक्षाशास्त्रियों को शाश्वत मूल्यों से परिचित कराता है। और इन मूल्यों के आधार पर शिक्षा के सार्वभौमिक और सार्वकालिक उद्देश्य निश्चित करता है। आदर्शवाद में शिक्षण विधियों से अधिक शिक्षा के उददेश्यों पर बल दिया जाता है ।

87. शिक्षकों को दर्शनशास्त्र भी जानना चाहिए, क्योंकि :

(a) शिक्षकों को दर्शनशास्त्री होना चाहिए

(b) उन्हें इस भौतिक संसार की चिंता नहीं करनी चाहिए

(c) सभी शैक्षिक प्रश्न अन्ततः दर्शनशास्त्र के ही प्रश्न होते हैं

(d) भारतवर्ष दर्शनशास्त्रियों का एक देश है

UP PGT 2002

Ans. (c) दर्शन शिक्षा के स्वरूप की व्याख्या करता है। इससे हमें शिक्षा के सही सम्प्रत्यय का ज्ञान होता है। सभी शैक्षिक प्रश्न इसीलिए दर्शनशास्त्र के ही प्रश्न होते हैं, इसीलिए शिक्षकों को दर्शनशास्त्र का भी ज्ञान होना चाहिए।

88. ''शैक्षिक पर्यवेक्षण अनुदेशन में सुधार लाने के लिए एक नियोजित कार्यक्रम होता है।'' यह किसने कहा है?

(a) डब्ल्यू. किम्बाल ने (b) एडम्स व डिवकी ने

(c) एफ.सी.अय्यर ने (d) हेनरी फेयोल ने

UP Higher Asst. Prof. 2014

Ans. (b) : एडम्स एवं डिवकी के अनुसार- पर्यवेक्षक शैक्षिक विकास का सुनियोजित कार्यक्रम है।

89. लेखक की सूची-I से उनकी पुस्तकों की सूची-II का मेल कीजिए। सूचियों के नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनियेः